दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 132 | ग्वालियर बुधवार, 01 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

एक नजर

लिव-इन रिलेशन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने की सुप्रीम कोर्ट से मांग

नई दिल्ली। लिव-इन संबंधों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बनाने और उसे अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की गई है. याचिका में श्रद्धा वॉलकर और निक्की यादव हत्याकांड का हवाला दिया गया है. याचिका में कह गया है कि गोपनीय तरीके से चल रहे ऐसे संबंध लगातार जघन्य अपराध की वजह बन रहे हैं. लिव इन पार्टनर्स की सुरक्षा के लिए उनके संबंध की जानकारी पुलिस के पास होना ?रूरी है. सुप्रीम कोर्ट की वकील ममता रानी की याचिका में लिव इन में रह रहे लोगों की संख्या की जानकारी जुटाने की भी मांग की गई है. याचिका में कहा गया है कि कोर्ट केंद्र सरकार को इसका निर्देश दे. याचिकाकर्ता की दलील है कि इस संख्या की जानकारी भी तभी मिल सकेगी जब लिव इन रिलेशन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाएगा. याचिकाकर्ता ने श्रद्धा और निक्की हत्याकांड जैसे कई मामलों का हवाला दिया है. याचिका में यह भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेशों में खतरे का सामना कर रहे लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों को सुरक्षा दी है. इस तरह के संबंधों को मौलिक अधिकारों के दायरे में माना है लेकिन अभी ऐसे संबंधों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नहीं है. दरअसल बीते दिनों श्रद्धा और निक्की हत्याकांड मामले सामने आए थे. श्रद्धा हत्याकांड मामले में आफताब ने लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर शव को कई टुकड़े कर दिए थे और जंगल में एक-एक कर फेंक दिए थे. वहीं, निक्की हत्याकांड मामले में आरोपी साहिल ने अपनी पार्टनर निक्की की हत्या कर फ्रिज में शव को रख दिया था. साहिल का इरादा भी शव के टुकड़े करने का था. श्रद्धा हत्याकांड का आरोपी आफताब और निक्की हत्याकांड का आरोपी साहिल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. दोनों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है.

ताहिर ने 20 साल में की थी 6 शादियां, पत्नी ने बेटों के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 19 फरवरी को दिनदहाड़े हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस ने बताया कि प्रॉपर्टी विवाद में पूर्व पत्नी और उसके बेटों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है. इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी पत्नी सहित दो बेटों को गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही पुलिस ने खुलासा किया है कि मृतक ताहिर ने 20 साल में छह निकाह किए थे. गौरतलब है कि अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 19 फरवरी को प्रॉपर्टी विवाद में दूसरे नंबर की पत्नी अंजुम ने गोली मारकर ताहिर खान की हत्या कर दी थी. पुलिस ने इस मामले में मृतक ताहिर की दूसरी पत्नी अंजुम के बेटे सिद्दीक और 14 वर्षीय नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि पुलिस को इस मामले में सिद्दीक के दोस्त राम विश्वकर्मा और दो साथियों की अब भी तलाश है.अशोक गार्डन पुलिस की जांच में सामने आया है कि ताहिर खान ने पिछले 20 वर्षों के दौरान 6 शादियां की थी. सबसे पहले उसने साल 1998 में अंजुम नाम की महिला से शादी की थी, जिससे उसे कोई संतान नहीं हुआ. पांच साल साथ रहने के बाद अंजुम का किसी बीमारी की वजह से मौत हो गई. इसके बाद ताहिर ने वर्ष 2002 में फिर से अंजुम नाम की दूसरी महिला से शादी कर ली. ताहिर और अंजुम के तीन बेटे हैं, जिसमें 19 वर्षीय सिद्दीक सबसे बड़ा बेटा है. 14 साल साथ रहने के बाद ताहिर को अंजुम के चरित्र पर संदेह हुआ, तो उसने उसे तलाक दे दिया. इसके बाद अंजुम अपने तीनों बच्चों को लेकर इधर-उधर भटकती रहीं. इस वक्त वह कोतवाली में मदीना ट्रेड सेंटर में किराए के मकान में रह रही थी. इसके बाद ताहिर ने सागर निवासी बेबी नामक महिला से निकाह कर लिया, लेकिन उसके साथ करीब तीन महीने रहा और बाद में 50 हजार रुपये मेहर देकर उसे मायके रवाना कर दिया. इसके बाद उसने सबा नामक महिला से शादी की. उसके साथ भी कुछ महीने रहने के बाद मेहर में 50 हजार रुपए देकर उसे भी तलाक दे दिया. इसके बाद ताहिर ने वर्ष 2010 में शीबा नाम की महिला से शादी की थी.

बिहार के 9 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे

नई दिल्ली। आज 2023-2024 का बजट पेश हो रहा है. बजट सत्र पांच अप्रैल तक चलेगा. बजट सत्र में 16 दिन अवकाश रहेगा. इस सत्र में 22 बैठकें होंगी. वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार की महिलाओं को यूपीएससी में तैयारी के लिए नारी शक्ति योजना के अंतर्गत संघ लोक सेवा और बिहार लोक सेवा आयोग के प्रारंभिक एग्जाम में उतीर्ण होने वाली महिला अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए बिहार सरकार एक लाख और 50 हजार की राशि देगी. बिहार में नारी सशक्तिकरण योजना के लिए 60 करोड़ राशि की व्यवस्था की गई है. साथ ही 10वीं पास छात्राओं की छात्रवृति के लिए 94 करोड़ का प्रावधान रखा गया है. इसके साथ ही पटना मेडिकल कॉलेज के लिए 5540 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है.

मेघालय में नहीं चला मोदी मैजिक, दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर रही बीजेपी

नई दिल्ली। मेघालय विधानसभा चुनाव इस बार बीजेपी के लिए बहुत ही खास रहा है. राज्य में पहली बार बीजेपी ने सभी 60 सीटों पर प्रत्याशी उतारे. ईसाई बहुल राज्य में बीजेपी बड़े दांव की उम्मीद कर रही है. ईसाई बहुल राज्य में बीजेपी पीएम मोदी के सहारे जीत की उम्मीद कर रही थी लेकिन मोदी मैजिक चलता नहीं दिखाई दे रहा है. चुनाव बाद हुए एग्जिट पोल के नतीजे यही बताते हैं. मेघालय विधानसभा चुनाव 2023 के लिए सोमवार (27 फरवरी) को मतदान पूरा हो गया. राज्य की 60 सीटों के लिए मतदाताओं ने वोट डाले. चुनाव के नतीजे 2 मार्च को त्रिपुरा और नगालैंड के साथ घोषित किए जाएंगे. इसके पहले एग्जिट पोल के नतीजे आ गए हैं, जिसमें जनता का मूड पता चल रहा है. राज्य की 60 में से 59 सीटों पर मतदान हुआ था. एक कैंडिडेट के निधन के कारण एक सीट पर चुनाव टल गया. एग्जिट पोल के मुताबिक मेघालय में बीजेपी दहाई का आंकड़ा भी पार करती नहीं दिखाई दे रही है. सभी एग्जिट पोल में बीजेपी के लिए ऐसा ही रुझान दिखा रहे हैं. इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया एग्जिट पोल के मुताबिक 59 सीटों पर हुए चुनाव में बीजेपी को 4 से 8 सीटें मिलती दिखाई गई हैं. राज्य में नेशनलिस्ट पीपल्स पार्टी सबसे बड़ा दल बन सकती है. एनपीपी को 18 से 24 सीटें मिलने का अनुमान है. वहीं, कांग्रेस को 6-12 सीट मिलती दिखाई गई हैं. टीएमसी को 5-9 सीट मिलती दिख रही हैं. जी न्यूज-मैटराइज के एग्जिट पोल के अनुसार, एनपीपी को 21 से 26 सीटें मिल सकती हैं. टीएमसी को 8-13 सीट मिलती दिख रही है और पार्टी किंगमेकर बन सकती है. बीजेपी को 6 से 11 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है. कांग्रेस को 3-6 जबकि अन्य के खाते में 10 से 19 सीटें जाती नजर आ रही हैं. राज्य में सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ने का फायदा बीजेपी को होता दिख रहा है. एग्जिट पोल बीजेपी को 14 फीसदी वोट मिलता दिखा रहे है. एनपीपी को 29 फीसदी, कांग्रेस को 19 फीसदी और टीएमसी को 16 फीसदी वोट मिल सकते हैं. अन्य दलों को 11 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है.

विकास यात्रा में शिवराज सरकार की किरकिरी

कमलनाथ ने बताया मनोरंजन

मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार की विकास यात्रा संगठन और सरकार के लिए आंखें खोलने वाली साबित हुई है. बीस दिन चली इस विकास यात्रा का बीजेपी संगठन और सरकार को

गांव-गांव तक पहुंचाना था, लेकिन गांव में पहुंचने पर कई जगह भारी विरोध भी हुआ. एक आंकड़े के मुताबिक बीस से ज्यादा बीजेपी के विधायकों को मतदाताओं का विरोध झेलना पड़ा. कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इसे मनोरंजन यात्रा बताया. वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा इस यात्रा के परिणामों से खुश हैं और दावा कर रहे हैं कि इससे मिला फीडबैक काम आएगा. अशोकनगर के मुंगावली में मंत्री ब्रिजेन्द्र यादव विकास यात्रा लेकर गए गए लेकिन उन्होंने कुर्ता उतार दिया क्योंकि किसी ने उन पर खुजली करने वाली कौंच की फली का पाउडर डाल दिया.

क्या आरोप लगे

विधायक प्रहलाद लोधी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पवई के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उन्हें ऑक्सीजन की जरूरत थी. लेकिन आधे घंटे तक नहीं मिली. लोधी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया. खंडवा में विधायक देवेंद्र वर्मा से गांव वालों ने काम नहीं होने की शिकायत करते हुए सवाल किया कि गरीबों की पेंशन भी अडानी-अंबानी को दे देंगे।

बीजेपी ने क्या कहा

मध्य प्रदेश बीजेपी के मुताबिक, विकास यात्रा में उनके कार्यकर्ता, नेता, विधायक और मंत्री 21 दिन में, 230 विधानसभा के 45 हजार गांव गए. इस दौरान 1070 मंडल और 64 हजार 100 बूथ की यात्रा की. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का दावा है कि 22 दिनों में 38506 लोकार्पण हुए. चुनाव के कुछ महीनों पहले निकली इस विकास यात्रा ने बीजेपी के बहुत सारे पूर्व के अनुमानों को झुठला दिया है. विधायकों के विरोध से पार्टी चिंतित है. इससे मिले फीडबैक पर बीजेपी काम कर रही है.

त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान

नई दिल्ली। मेघालय और नगालैंड में सोमवार (27 फरवरी) को मतदान पूरा होने के बाद तीन राज्यों के एग्जिट पोल जारी किए गए. विभिन्न न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल में नगालैंड में बीजेपी-एनडीपीपी की जीत और त्रिपुरा में भी मौजूदा बीजेपी सरकार की वापसी का अनुमान लगाया गया है. मेघालय में पेंच फंसता दिखा रहा है कि क्योंकि एग्जिट पोल में यहां त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है. ऐसे में मेघालय को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. पहले मेघालय के एग्जिट पोल पर नजर डालते हैं. जी न्यूज-के एग्जिट पोल में राज्य में सबसे ज्यादा सीटें एनपीपी को दी गई हैं. पोल में एनपीपी को 21-26 सीटें, बीजेपी को 6-11 सीटें, टीएमसी को 8-13 सीटें, कांग्रेस को 3-6 सीटें और अन्य को 10-19 सीटें मिलने का अनुमान है. इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में एनपीपी को 18-24 सीटें, बीजेपी को 4-8 सीटें, कांग्रेस को 6-12 सीटें, टीएमसी को 5-9 सीटें और अन्य को 4-8 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है.

त्रिपुरा-मेघालय-नगालैंड में कौन है सबसे छोटी पार्टी

नई दिल्ली। त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के साथ ही एग्जिट पोल सामने आ चुके हैं. अब तक सामने आए एग्जिट पोल्स में बीजेपी के आसानी से त्रिपुरा और नगालैंड में सत्ता में वापसी करने का अनुमान जताया गया है. वहीं, मेघालय में हंग असेंबली यानी त्रिशंकु विधानसभा होने का अनुमान सामने आया है. तमाम एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के बेहतरीन प्रदर्शन का अनुमान लगाया गया है. वहीं, मेघालय में बीजेपी से अलग होकर चुनाव लड़ी एनपीपी के सबसे आगे होने की संभावना दिख रही है. नगालैंड में बीजेपी गठबंधन के आगे कोई भी टिकता नजर नहीं आ रहा है. आइए जानते हैं कि एग्जिट पोल में कौन सी पार्टी सबसे छोटी बनकर उभरी है। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर सामने आए एग्जिट पोल में टिपरा मोथा पार्टी सीधे तौर पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाती नजर आ रही है. इंडिया टुडे-माय एक्सिस के एग्जिट पोल में कांग्रेस के सबसे छोटी पार्टी बनने का अनुमान जताया गया है. माय एक्सिस के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 6 से 11 सीटें ही मिलने का अनुमान जताया गया है.

अखिलेश यादव के साथ नजर आया उमेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी

नई दिल्ली। बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार को हत्या के मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान की एक तस्वीर काफी चर्चा में बनी हुई है. इस तस्वीर में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव उनके साथ नजर आ रहे हैं. अखिलेश यादव के साथ उमेश हत्याकांड के मास्टमाइंड की तस्वीर सामने आने के बाद जुबानी जंग फिर से एक बार तेज हो सकती है. हालांकि इन तस्वीरों को लेकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सवाल हुआ तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. अखिलेश के साथ आरोपी की तस्वीर पर शिवपाल यादव सवाल को टालते हुए नजर आए. जबकि सपा ने भी बीजेपी नेता के साथ सदाकत खान की तस्वीरें साझा की है. तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, सदाकत वर्तमान का सदस्य था जिसकी फोटो सपा के साथ जोड़ी जा रही. पूर्व विधायिका नीलम करवरिया के घर पर नीलम के पति उदयभान करवरिया के साथ सदाकत की फोटो के साथ इस घटनाक्रम का कनेक्शन बताती हैं. सपा ने आगे कहा, इससे पहले भी एक नेता राहिल इस केस का मास्टरमाइंड पकड़ा जा चुका है. ये हत्या भाजपा ने करवाई है.

देश के इन 20 इलाकों में तेज भूकंप की आशंका

नई दिल्ली। तुर्किए मे आए हालिया भूकंप के बाद दुनियाभर के वैज्ञानिक भविष्य में के लिए आशंका जता रहे हैं. भारत में भी वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के विज्ञानियों ने हिमालय में 20 ऐसे क्षेत्रों का अनुमान लगाया है, जहां कभी भी 8 या इससे ज्यादा रिएक्टर स्केल से भूकंप आ सकते हैं. बता दें कि 5 या उससे थोड़ी ज्यादा तीव्रता के भूकंप से यहां बिल्डिंग हिल जाती है. ऐसे में अगर 8 तीव्रता का भूकंप आ जाए तो हम इससे होने वाले नुकसान की कल्पना तक नहीं कर सकते हैं. तुर्किए में आए भूकंप की तीव्रता 7.9 थी. संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी डॉक्टर आरजे पेरूमल के मुताबिक करीब 2000 किलोमीटर लंबे हिमालयी क्षेत्र में बड़े भूंकप की आशंका वाले 20 और भारत में करीब आधा दर्जन के करीब क्षेत्र हो सकते हैं. उत्तराखंड के रामनगर, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और असम क्षेत्र में ऐसे भूकंपों की आशंका सबसे ज्यादा है. इसकी वजह इन क्षेत्रों की धरती के नीचे चल रहे तनाव के बावजूद ऊर्जा का बाहर न निकल पाना है. डॉक्टर पेरूमल का कहना है कि रामनगर क्षेत्र में साल 1255 में आठ से नौ रिएक्टर का भूंकप आया था. इसके बाद यहां कोई बड़ा भूंकप दर्ज नहीं किया गया. इसी तरह भूगर्भीय संरचना वाले नेपाल में साल 1255 में बेहद शक्तिशाली भूंकप (8.0 से 9.0) आया था. इसके बाद 1831, 1934 और 2015 में भारी भूंकप आ चुका है. एक ही माइक्रो सेस्मेसिटी बेल्ट में पड़ने वाले हिमाचल के कांगड़ा में भी 1905 के भूंकप (7.8 रिएक्टर स्केल) के बाद कोई भूंकप नहीं आया. सेंट्रल नेपाल और देश का असम प्रांत भी एक बेल्ट में आता है. यहां कम अंतराल में छोटे भूकंप के साथ ही बड़े भूकंप भी आते हैं. नेपाल में साल 1255 के भूकंप को छोड़कर पिछले तीन बड़े भूकंप का अंतराल 51 से 81 साल के बीच रहा और इसी रूट के असम में पिछले 2 बड़े भूकंप 51 से 81 साल के बीच आए हैं.

सीएम एमके स्टालिन के साथ गठबंधन करेंगे कमल हासन दिया ये जवाब

साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा है कि एक्टर और मक्कल निधि मय्यम के प्रमुख कमल हासन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके के साथ गठबंधन कर सकते हैं. हासन ने इस पर मंगलवार (28 फरवरी) को कहा कि वो अभी इस पर कुछ नहीं कहेंगे. कमल हासन ने कहा, अभी गठबंधन को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है. हमें सीन दर सीन आगे बढ़ना है. अभी से ही क्लाईमेक्स पर मत पहुंचिए.उन्होंने आगे कहा कि एमके स्टालिन और मैं दोस्त हैं. यह राजनीति से परे है क्योंकि वो महान नेता के बेटे हैं. यह पॉलिटिक्स के बारे में बात करने का समय नहीं है. इस पूरे मामले पर जब डीएमके सांसद दयानिधि मारन से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कमल हासन समान विचारधारा वाले व्यक्ति हैं. हासन डीएमके, डॉक्टर कलैनगर और एमके स्टालिन के अच्छे दोस्त हैं. स्टालिन का 70वां जन्मदिन होने के कारण वो उन्हें बधाई देने के लिए आए हैं, मारन ने आगे बताया कि 2019 में डीएमके ने सुनिश्चित किया कि महागठबंधन और हमने 2021 में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव जीता.

क्या बरेली जेल में रची गई उमेश पाल हत्याकांड की साजिश

नई दिल्ली। यूपी के प्रयागराज में हुई अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या की साजिश के तार बरेली जेल से जुड़ते नजर आ रहे हैं. बरेली केंद्रीय कारागार में बंद बाहुबली माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ पर शक है कि उमेश पाल की हत्या की साजिश बरेली जेल में रची गई है. जिसके बाद एसटीएफ और पुलिस प्रशासन मामले की छानबीन करने में लग गया है. आज डीएम, एसएसपी और एसपी सिटी ने केंद्रीय कारागार पर छापेमारी की और अशरफ की बैरक की जांच की. एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि आज केंद्रीय कारागार में डीएम शिवाकांत द्विवेदी और एसएसपी अखिलेश चौरसिया के साथ छापेमारी की गई थी. जेल में बैरकों की जांच की गई, इनमे से एक बैरक माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की भी थी. उसकी बैरक की भी जांच की गई है. इस बैरक में अशरफ के बिस्तर से लेकर हर कोने की जांच की गई और उससे पूछताछ भी कई गई है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में अशरफ से मिलने कौन आया था. किससे बात हुई इस सबके के लिए जेल के रजिस्टर को भी चेक किया गया है. पुलिस के मुताबिक ये पता लगाया जा रहा है कि अशरफ से कौन-कौन मिलने आया था. फिलहाल पुलिस प्रशासन और एसटीएफ पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है. वहीं बड़ी बात ये है कि जेल मैन्युअल के मुताबिक एक व्यक्ति के साथ 9 लोग कैदी से मिलने आ सकते हैं.

गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था. अब सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुबह चीफ जस्टिस से मामले की जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया. सीजेआई ने कहा, उन्हें हाईकोर्ट जाना चाहिए या दूसरे कानूनी विकल्प अपनाने चाहिए. हालांकि वकील सिंघवी के अनुरोध पर चीफ जस्टिस ने बाद में सुनवाई की बात कही. सुप्रीम कोर्ट में दोपहर 3ः50 बजे सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट में सुनावई पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है. सारे आरोप बेबुनियाद हैं. राहत मिलने की पूरी उम्मीद है. सब जगह जांच करके देख लिया मगर कुछ नहीं. अब भी कुछ नहीं मिलने वाला. उनकी जांच एजेंसियों ने अब तक

कुछ भी हासिल नहीं किया. कल भी कोर्ट के पास कोई दलील नहीं थी. उधर मनीष सिसोदिया से सीबीआई की पूछताछ शुरू हो गई है. सीबीआई ने सिसोदिया के लिए एक लंबी सवालों की फेहरिस्त तैयार की है. ये पहली बार है जब गिरफ्तारी के बाद सिसोदिया से पूछताछ की जा रही है. सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने एक बार फिर से नए सिरे से पूछताछ शुरू की है. आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर सोमवार (27 परवरी) को गिरफ्तार किए गए दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पांच दिन की हिरासत में भेजा गया है. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनको पांच दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था इसके बाद विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सिसोदिया को चार मार्च तक के लिए हिरासत में भेज दिया.

सीबीआई की कस्टडी में सौंपते हुए जज ने टिप्पणी की, वह इससे पहले भी दो मौंकों पर जांच में शामिल हुए हैं लेकिन वह पूछताछ के दौरान ज्यादातर सवालों के जवाब नहीं दे सके हैं और उनके अधीनस्थों के बयान के कारण उनके खिलाफ कुछ दस्तावेजी सबूत सामने आ चुके हैं, ऐसे में उचित और निष्पक्ष जांच के लिए यह जरूरी हो जाता है कि उनसे पूछे गए सवालों के उचित और वैध जवाब मिलें. इसलिए अदालत उनको पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजने जा रही है.

> वकील सिंघवी के अनुरोध पर चीफ जस्टिस ने बाद में सुनवाई की बात कही. सुप्रीम कोर्ट में दोपहर 3:50 बजे सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट में सुनावई पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है. सारे आरोप बेबुनियाद हैं. राहत मिलने की पूरी उम्मीद है. सब जगह जांच करके देख लिया मगर कुछ नहीं. अब भी कुछ नहीं मिलने वाला. उनकी जांच एजेंसियों ने अब तक कुछ भी हासिल नहीं किया. कल भी कोर्ट के पास कोई दलील नहीं थी. उधर मनीष सिसोदिया से सीबीआई की पूछताछ शुरू हो गई है.

कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे धर्मप्रेमी

जब आपने भक्ति-मार्ग को अपना ही लिया है, तो सफलता निश्चित है: देवी चित्रलेखाजी



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। मां बड़ी देवी मंदिर में स्वर्गीय श्री राजाराम राय साव की स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव बनाया गया, जिसमें हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी देवी जी के द्वारा की जा रही जन्मोत्सव बधाई गीत में झूम उठे, देवी चित्रलेखाजी जी ने कहा कि यदि आप शास्त्रों द्वारा निर्देशित एवं आध्यात्मिक गुरु द्वारा प्रमाणित अपनी भक्तिमय सेवाओं एवं कर्तव्यों को धैर्यपूर्वक करते हैं तो निश्चिन्त रहिये आपकी सफलता निश्चित है । हमें धैर्य एवं उत्साहपूर्वक भक्ति करनी चाहिए । उत्साहात् निश्चयात् धैर्यात् तत्-तत् कर्म प्रवर्तनात। हमें उत्साही होना चाहिए सुस्ती आपकी कोई सहायता नहीं करेगी । आपको बहुत उत्साही होना होगा । यदि आप उत्साही और धैर्यवान हैं और अब जब आपने भक्ति-मार्ग को अपना लिया है, तो सफलता निश्चित ही है । यही मार्ग है । उत्साहात् निश्चयात् धैर्यात् तत्-तत् कर्म प्रवर्तनात् । आपको कर्तव्य तो करने ही होंगे । सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत् कथा के चतुर्थ दिवस में पूज्या देवी चित्रलेखाजी ने सर्वप्रथम गजेन्द्र मोक्ष की कथा श्रवण कराते हुए बताया की किसी भी योनि का जीव भगवान को प्राप्त कर सकता है ।जिस तरह गजेन्द्र नाम के हाथी को तालाब में स्नान कर रहा था तब ग्राह नामक हाथी ने उसका पाँव पकड़ लिया और सभी से मदद मांगने के बाद भी किसी ने मदद नहीं की तब गजेन्द्र ने भगवान् को खुद को समर्पित किया । और भगवान् ने गजेन्द्र की रक्षा की। इस प्रकार भगवान् को प्राप्त करने के लिए जीव योनि का कोई महत्त्व नहीं, उच्च योनि से लेकर निम्न योनि तक का कोई भी जीव भगवद् प्राप्ति कर सकता है। कथा में आगे देवीजी ने समुद्र मंथन, के पश्चात देवीजी ने संक्षिप्त में प्रभु राम अवतार का श्रवण कराया। कथा के विश्राम में कृष्ण जन्म की कथा को स्पर्श करते हुए बताया कि द्वापर युग में कंस जैसे दुष्ट पापी का अत्याचार बड़ जाने पर प्रजा के आग्रह भगवान ने नटखट अवतार लिया और श्री बसुदेव जी भगवान कृष्ण को गोकुल ले कर गए वहां से यशोदा मैया को जन्मी योगमाया को अपने पास ले आये और कृष्ण को उनके पास रख के वापस आ गए। फिर कथा में सभी ने कृष्णा जन्मोत्सव का आनंद लिया। श्रीमती सुमन देवी राय ने बताया कि जन्मोत्सव में छोटे से बालक को कृष्ण जी का रूप धारण करवाया गया, जिसको नन्द जी अपने सर में लेकर पूरे पंडाल में घूमकर सभी धर्मप्रेमियों को कृष्ण जी का दर्शन कराया गया, बधाई स्वरूप सभी धर्मप्रेमियों को खिलौना, मिठाई, चॉकलेट, बिस्किट का वितरण किया गया, बधाई वितरण के साथ साथ देवी चित्रलेखा जी ने बधाई गीत गाया, जिसमें धर्मप्रेमी झूम उठे। इस दौरान मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया,रमन खत्री,सुमन देवी राय,प्रकाश शिवहरे, कमलेश भारद्वाज, आशीष कटारे, राजेश पाण्डेय, मोंटी रैकवार,ओम रैकवार, राजीव राय, गोविंद राय,गोपाला राय, पंकज राय, कपिल राय अमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त जनों की मौजूदगी रही।

थाना पिछोर पुलिस की कार्रवाई कोबिंग गश्त के दौरान 05 स्थाई वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किए

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

पिछोर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समय-समय पर फरार/गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटीओं की धरपकड़ के लिए कोविंग गश्त हेतु निर्देशित किया जाता है इसी के तारमय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश कुमार चंदेल द्वारा दिनांक 27/02/23 की रात्रि को कोबिंग गश्त हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 27/02/23 की दरमियानी रात को इंचार्ज थाना प्रभारी पिछोर उप.नि. नितिन भार्गव के नेतृत्व में थाना पिछोर पुलिस की टीम द्वारा न्यायालय से जारी किए गए अस्थाई वारंटीओं की तलाश की की गई जिसमें अलग-अलग के स्थानों से कुल 05 अस्थायी वारंटी गिरफ्तार किए।

वक्त कार्यवाही में-इंचार्ज थाना प्रभारी उप. नि. नितिन भार्गव , प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक, घनश्याम सिंह, प्रधान आरक्षक हीरा सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, प्रदीप कौरव, रामनाथ रावत, मांगीलाल गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा किया गया साइलेंट वर्कर का सम्मान

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा सलूट ऑफ साइलेंट वर्कर के तहत मध्य प्रदेश विद्युत मंडल माधव चौक चाबी घर पर तीन लाइनमैन ओं का सम्मान किया गया जिसमें शंकर लाल केवट लाइनमैन गुलाब सिंह यादव लाइनमैन भगवान लाल यादव लाइनमैन जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की टीम के द्वारा इन सभी का सम्मान किया गया जिसमें वहां के वरिष्ठ अधिकारी श्री बघेल जी एवं दुबे जी उपस्थित रहे श्री बघेल जी सहायक यंत्री के द्वारा जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के टीम के कार्यों की सराहना की गई जिसमें प्रेसिडेंट प्रियंका शिवहरे एवं सेक्रेटरी आरती जैन एवं जेसीआई की सभी महिलाएं उपस्थित रहे जिसमें जैसी बबीता अग्रवालजैसी अंशु अग्रवाल जैसी कुसुमलता राठौर जैसी प्रियंका सोनी जैसी जिसने जैसी नीता श्रीवास्तव उपस्थित रहे अंत में जैसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह । मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं श्रीमती रेणुका कंचन, प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह एवं अम्बुज पाण्डेय जिला न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में घरेलू हिंसा अधिनियम एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार नालसा ऐसिड अटैक से पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना, एवं निःशुल्क विधिक सहायता विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में सुश्री महिमा कछवाहा, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, श्रीमती गुंता डांगे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर से रूपाली नायक, आभा श्रीवास्तव, काउन्सलर, मालती कुर्मी, प्रशासक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

सुश्री महिमा कछवाहा ने अपने उपद्बोधन में कहा कि महिलाओं के साथ घर के अंदर होने वाली हिंसा से बचाव के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियिम निर्मित किया गया है जिसके अंतर्गत महिलाओं को घर के अंदर शारीरिक, मानसिक, मौखिक, भावनात्मक एवं आर्थिक हिंसा से संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध में किये गये दण्डविधि में संशोधन के विषय पर जानकारी दी और कहा कि ऐसे अपराधों का पुलिस एवं जिम्मेदार अधिकारी के संज्ञान में लाना आवश्यक है तभी महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है आपने दहेज अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, माता-पिता की सम्पत्ति में अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी । जिला विधिक सहायक अधिकारी श्रीमती गुंता डांगे ने नालसा ऐसिड अटैक से पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना, एवं निःशुल्क विधिक सहायता विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में पति द्वारा महिलाओं को छोड़ दिये जाने पर माता-पिता पर आश्रित होकर जीवन-यापन करती है जबकि वे न्यायालय में भरण-पोषण, घरेलू हिंसा, पुर्नस्थापना, विवाह विच्छेद का प्रकरण प्रस्तुत कर सकती है, जिसके लिये निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। जो लोग एसिड अटैक से पीड़ित है एवं जो अधिक गरीब, महिला, बच्चे, एस सी एवं एसटी श्रेणी के अंतर्गत आते हैं उनको भी निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है जिससे वे अपने हक की कानूनी लड़ाई आसानी से लड सकें। इसके साथ ही भरण-पोषण, मीडियेशन, परिवार विवाद समाधान केन्द्र, हिन्दू मैरिज एक्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

अमेरिका में लोकनीति एवं कूटनीति पर बतौर स्पीकर हिस्सा लेंगे चौधरी

भरत सिंह चतुर्वेदी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन एवं पूर्व विदेश मंत्री रहीं, उनकी पत्नी हिलरी क्लिंटन द्वारा संचालित क्लिंटन फ़ाउंडेशन की ओर से बतौर क्लिंटन फ़ेलो, स्पीकर के रूप में आया आमंत्रण। टेनेसी की राजधानी नैश्विल में आयोजित होने जा रही विश्वस्तरीय बैठक में लोक नीति एवं कूटनीति पर बतौर स्पीकर हिस्सा लेंगे चौधरी भरत सिंह चतुर्वेदी। विश्वभर से आने वाले छात्रों का मर्गदर्शन एवं नेतृत्व करने की ज़िम्मेदारी मार्च 03 से मार्च 05 तक चलेगी क्लिंटन फ़ाउंडेशन की कॉन्फ़्रेन्स। नवंबर में मिस्र में आयोजित हुए पंद्रह दिवसीय संयुक्त राष्ट्र के चर्चित जलवायु परिवर्तन सेमिनार में बतौर यूनाइटेड नेशन अब्ज़र्वर पहुँचे थे।

जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर गोली मारी 2 की मौत

पुष्पांजली टुडे

दमोह। पथरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेरठ चौकी के समीप हिनौता घाट में दो सगे भाईयों कि घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने हत्या का मामला दर्ज कर संबंधित आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किए जाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका था। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी हरिशंकर शुक्ला निवासी ग्राम हिनौता घाट थाना पथरिया ने बताया कि उसके पिता बद्री शुक्ला (68) तथा रामसेवक शुक्ला (65) मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उनके घर में घुसकर हमला किया और गोली मार कर हत्या कर दी।मारपीट में घायल हुए हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2021 में 3 एकड़ जमीन खरीदी थी, तभी से गांव के आरोपी परिवार से विवाद चल रहा था। सालभर पहले आरोपियों ने हत्या के प्रयास के झूठे मामले में फंसाया था। तब उसके द्वारा सीबीआई जांच की मांग की गई तो मामला जांच में चला गया और जमानत मिल गई। इसी बात से आरोपी गुस्से में थे और हमेशा झगड़ने का प्रयास करते थे। हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि आरोपियों के खेत में फसल की थ्रेसिंग थी। खेत से होकर ही उनके खेत में जाने का रास्ता है, इसलिए खेत से उनका ट्रैक्टर निकालने के लिए मना कर दिया।

इसके बाद आरोपी जाहर सिंह, उम्मेद सिंह, माखन सिंह, अर्जुन सिंह हथियार लेकर उसके घर पहुंचे और गोलियां चलाना शुरू कर दी इस दौरान उसके पिता बद्री शुक्ला (68) और बड़े पिताजी रामसेवक शुक्ला (65) घर के बाहर ही बैठे थे। आरोपियों ने गोलियां चलाईं तो उन दोनों को लगी, जिससे वे जमीन पर गिर गए। उसके बाद पिता और बड़े पिता को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां से दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिव कुमार सिंह, सीएसपी इन्जार्ज भावना दांगी,एसडीओपी पथरिया आरपी रावत, थाना प्रभारी पथरिया रजनी शुक्ला सब इंस्पेक्टर एमके पांडे, आरके द्विवेदी, आलोक तिरपुड़े सहित भारी संख्या में पुलिस बल जिला अस्पताल में मौजूद रहा।

आरोपी फरार, एसपी ने दिए गिरफ्तारी के निर्देश-पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल ही समस्त थानों कि पुलिस को आरोपियों को पकडकर उन्हें गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश दिए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है ,जल्द ही सभी आरोपियों को पकडकर अभिरक्षा में ले लिया जायेगा।

राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक दमोह

शिवपुरी शहर की प्रतिभाओं और समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थगित होने के कारण आशीर्वाद लाइफ सिक्योर प्राइवेट लिमिटेड मध्य प्रदेश के डायरेक्टर भरत शर्मा एवं सोहेब ख़ान संचालक 108 एम्बुलेंस ने और यूनिवर्सल ह्यूमन राइट काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष दारा ख़ान एवं प्रदेश संगठन मंत्री सुहैल ख़ान ने मिलकर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित किया 108 एम्बुलेंस के संचालक सोहेब ख़ान के बेटे समर ख़ान के जन्मदिन पर प्रोग्राम किया गया शहर के पुलिस कर्मी शिवपुरी एस पी राजेश सिंह चंदेल सुनील खैमरिया जी नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा जी

ज़िला अध्यक्ष वी जे पी राजू बाथम गोल्डमेडलिस्ट मुस्कान शेख़ वी जे पी पार्षद राजू बाथम,ताराचंद राठौर ,कांग्रेस नेता इरशाद पठान,जुबेर ख़ान पत्रकार गूंजता भारत की डायरेक्टर मणिका शर्मा जी सिटी अपडेट ऋषि गोस्वामी, वन्दे भारत के क्राइम रिपोर्टर महिला सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया रिपोर्टर निडर पत्रकार अरशद अली, दतिया से पत्रकार अनवर ख़ान डॉ महेंद्र कपोलिया ग्वालियर यूनिवर्सल ह्यूमन राइट के ज़िला अध्यक्ष तारीक सिद्दीक़ी ज़िला सचिव इमरान ख़ान को स्मृति चिन्ह के रूप में भारत का संविधान उद्देशिका देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला भिण्ड (म.प्र.)

mail id-cmomalanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/2023//156 मालनपुर, दिनांक 28.02.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सूक्ष्म श्रेणी में पंजीकृत समस्त इच्छुक ठेकेदारों से मालनपुर में टेण्डर क्रमांक **2023_UAD_253720_1** एवं **2023_UAD_253718_1** एवं **2023_UAD_253715_1** एवं **2023_UAD_253716_1** एवं **2023_UAD_253718_1** एवं हेतु ऑनलाईन निविदा दरें 13/03/2023 तक आमंत्रित की जाती है। दरें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के **UADD ISSR** प्रभावी दिनांक 02 अगस्त 2021 से आज दिनांक तक संशोधित आधार पर कम/अधिक आधार पर डाली जावेगी। कार्य के संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov पर देखा जा सकता है।

श्रीमती रायश्री मुकेश किरार
अध्यक्ष
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड

श्री मनोज कुमार शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड

पुष्कर धरोहर योजना में शामिल तालाब का जीर्णोद्धार काम तेज गति से जारी, सीईओ ने किया निरीक्षण

सिंहनिवास स्थित 25 बीघा तालाब का हो रहा है जीर्णोद्धार

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

शिवपुरी। शिवपुरी जनपद की ग्राम पंचायत सिंहनिवास में पुष्कर धरोहर योजना के अंतर्गत तालाब के जीर्णोद्धार का काम इस समय तेज गति से जारी है। मंगलवार को यहां पर जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी ने यहां चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों के साथ उन्होंने श्रमदान भी किया। इस निरीक्षण के दौरान यहां पर पंचायत के सरपंच व सेक्रेटरी सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे। इस मौके पर सीईओ ने सभी ग्रामीणजनों से अपील की है कि वह इस तालाब के जीर्णोद्धार में जन सहयोग के लिए आगे आए।इसके अलावा तालाब पर सही काम हो इसकी मॉनिटरिंग भी करें क्योंकि भविष्य में यही तालाब जल संरचना उन्हीं ग्रामीणजनों के लिए काम आएगी। गौरतलब है कि सिंहनिवास में पुष्कर धरोहर योजना के अंतर्गत 25 बीघा तालाब के जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने यहां पर बीते

दिनों इस तालाब के निर्माण कार्य की शुरुआत की थी और यहां पर श्रमदान भी किया था।

भूमिगत का जल स्तर में होगा सुधार- ग्रामीणजनों से बातचीत के दौरान जिला पंचायत के सीईओ ने इस तालाब के जीर्णोद्धार का काम का निरीक्षण करते हुए बताया कि इस तालाब से गांव के आसपास के जलस्तर में बढ़ोतरी होगी। ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में करीब 15 ट्यूबवेल, हैंडपंप और कुएं है और इस तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के बाद जब तालाब में पानी भरेगा तो इंजन संरचना में भी भूमिगत जल स्तर में बढ़ोतरी होगी। जिससे गर्मी के दिनों में स्थानीय ग्रामीणजनों को पीने के पानी की समस्या नहीं होगी। इसके अलावा पशुओं को भी पानी मिल सकेगा।

तालाब पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा-जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी ने यहां पर ग्रामीणों को बताया कि उक्त तालाब को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। तालाब पर पार बनाई जाएगी इसके अलावा यहां पर वोटिंग कराए जाने की भी योजना है जिससे कूनो अभ्यारण के लिए निकलने वाले पर्यटकों के लिए यह स्थल रमणीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सके।

संपूर्ण जिले के सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैधानिक रूप से

विद्युत के उपयोग में सफेद तार व अमानक स्तर के विद्युत तार (केबिल) का उपयोग प्रतिबंधित

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

शिवपुरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने शिवपुरी जिला अंतर्गत कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये रखने के लिए शिवपुरी दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए संपूर्ण जिला शिवपुरी सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैधानिक रूप से विद्युत के उपयोग में सफेद तार व अमानक स्तर के विद्युत तार (केबिल) का उपयोग प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेश के तहत शिवपुरी जिलांतर्गत अवैधानिक विद्युत का प्रयोग करने में सफेद तार का प्रायः उपयोग किया जाता है, जो कि मानक स्तर का न होकर घटिया गुणवत्ता का होता है एवं अन्य रंगों के तार भी मानक स्तर के नहीं होते हैं तथा विद्युत बिल की बकाया राशि के कारण कनेक्शन विच्छेदित करने पर एवं ट्रांसफॉर्मर पर बकाया राशि होने की स्थिति में न बदलने के कारण भी विच्छेदित किये जाते हैं। उसमें लम्बी-लम्बी दूरियों में कच्चे तार (सफेद तार) अमानक स्तर के उपयोग किये जाते हैं। जिसमें विद्युत दुर्घटनायें होने की संभावना बनीरहती है। अविकसित कॉलोनी में भी कच्चे सफेद तार लम्बी-लम्बी

दूरियों में अमानक स्तर के उपयोग होते हैं, क्योंकि वहां लाईनों पर आधारभूत संरचना नहीं है। जिस कारण जानमाल की हानि होने की प्रबल संभावना सदैव बनी रहती है एवं राजस्व की अत्यधिक हानि होती है। इस हेतु उक्त तारों को प्रतिबंधित करने हेतु समुचित दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य सुसंगत अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, महाप्रबंधक, एस.ई., तथा ए.ई. विद्युत विभाग जिला शिवपुरी को अधिकृत किया जाता है।

भाजपा की विकास यात्रा अठारह सालों के पापों का छिपाने का माध्यम : डा.शर्मा

अकोड़ा में हाथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर भिण्ड विधानसभा के ग्राम अकोड़ा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की. इस दौरान भिण्ड ग्रामीण प्रभारी मनोज दैपुरिया, वरिष्ठ नेता डा.राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने रैली के रूप में अकोड़ा का भ्रमण कर लोगो को कांग्रेस पार्टी की रीति नीति की जानकारी दी साथ ही भाजपा की गलत नीतियों को उजागर किया। तत्पश्चात नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। भिण्ड कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की वादा खिलाफी और जन विरोधी नीतियों के बारे में वरिष्ठ नेता डा.राधेश्याम शर्मा ने कहा कि यह सरकार गरीबों का हक छीन रही है और युवाओं को बेरोजगार बना रही है। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने पूरे देश को सिर्फ एक संदेश दिया है कि नफरत छोड़ो और देश को जोड़ो. राहुल गांधी की यात्रा पूर्ण रूप से एक वैचारिक यात्रा थी, जिसका असर पूरे देश के लोगों में देखा गया है। लेकिन भाजपा ने पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार और मंहगाई की आग में झोंक दिया है वो यात्रा के बहाने अपने अठारह साल के पापों को छिपाने की फिजूल कोशिश कर रही है। हांथ से हांथ जोड़ो आभियान के प्रभारी मनोज दैपुरिया ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार थी यह हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा हर गांव में जाएगी और लोगों को भाजपा की झूठी नीतियों के बारे में बताएगी. भाजपा वाले झूठ बोलकर लोगों को बरगलाते हैं. जब विकास की बात होती है तो भाजपाई दिखते भी नहीं है. आज गरीब परेशान है. किसान परेशान है, पर यह लोग सुनने वाले नहीं है. इसलिए अब जनता समझ चुकी है. इस बार कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है, तभी आम जनता का भला होगा। कार्यक्रम को सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने संबोधित करते हुए बेहतशा बढ़ते हुए बिजली बिल पर सरकार को घेरने का काम किया। वहीं प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने केंद्र की सरकार को अडानी,अंबानी की प्रायवेट लिमिटेड कंपनी बताते हुए शासकीय पैसे लुटाने का आरोप लगाया। कार्यक्रम को सेवादल यंग बिरग्रेड अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया,महिला जिलाध्यक्ष रेखा भदौरिया, कल्पना मिश्रा,राहुल कुशवाह,नगर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, पानसिंह बाबूजी,सुनील त्रिपाठी,आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाह ने और आभार ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपाल सिंह कुशवाह पिंकू ने किया। कार्यक्रम में वासुदेव कांकर, दसरथ शर्मा, पार्षद पंकज भदौरिया, कल्याण सिंह भदौरिया, प्रदीप मिश्रा, प्रदीप भदौरिया, राधा मोहन शर्मा, उदयवीर सिंह यादव, सुमित सिंह, अशोक चतुर्वेदी, शिवम वाजपेई, राहुल शर्मा, रविंद्र शाक्य, प्रभाकर भदौरिया, लवकुश श्रीवास, यशराज सिंह चौहान, नंदी भदौरिया, अभिषेक चौरसिया ,शिवराज बघेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहें।

सहकारिता विभाग का नेतृत्व विकास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। जिला सहकारी संघ मर्यादित जिला भिण्ड द्वारा राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र नई दिल्ली के सहयोग एवं मार्गदर्शन में दिनांक 25.02.2023 से 27.02. 2023 तक 03 दिवसीय ÷नेतृत्व विकास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रशिक्षणकर्ता श्री पी. एन. शर्मा, श्री एन.एस. भदौरिया एवं श्री आर.ए. शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री अमित कुमार वर्मा, जिला पेंशन अधिकारी, जिला भिण्ड द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के महत्व को प्रतिपादित करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से नवीन जानकारियों के साथ ही कार्य के प्रति व्याप्त उदासीनता दूर होती है तथा उत्साह जाग्रत होता है। प्रशिक्षणकर्ता श्री पी. एन. शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सहकारिता की उपयोगिता समझकर नवीन सहकारिता मंत्रालय प्रथक से बनाया है जिससे सहकारिता में नवाचार को

बढ़ावा मिल रहा है। नवीन संस्थानों के उद्देश्य को सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय को दृष्टिगत रखते हुए तैयार किया गया है। जिससे सहकारी क्षेत्र में नवीन ऊर्जा का संचरण होकर नव जागरण की ओर अग्रसर हो रही है।कार्यक्रम को उद्बोधित करते हुए श्री एन. एस. भदौरिया द्वारा सहकारिता का अर्थ, परिभाषा एवं सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। श्री भदौरिया ने बताया कि वर्तमान में सहकारिता को अपनी उपयोगिता बढ़ाने के लिए सदस्यों को जाग्रत कर अपने आर्थिक व्यवहार संस्थाओं से करने हेतु प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा प्रबंधक द्वारा किया जाकर आमंत्रित अतिथि एवं प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

रक्तदान ही जीवन है

रक्तदान क्षेत्र में नेक कार्य करने के लिए जिला प्रभारी पद घोषित

पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा

रक्तदान महादान टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी की प्रेरणा से रक्तदान क्षेत्र में लंबी प्रयास करने वाले संजय हीरागर को जिला प्रभारी पद पर घोषित किया है उन्होंने आपातकाल में महिलाओं के लिए 15 बार ए बी प्लस ब्लड रक्तदान क्या है और जिला प्रभारी संजय हिरागर ने बताया कि मैं तन मन से अपने ग्रुप में सेवा दूंगा और हमेशा में दिन और रात सेवा के लिए आभारी रहूंगा इसके लिए नेक कार्य को देखते हुए संजय हिरागर को जिला प्रभारी पद पर घोषित किया है।

पोरसा पुलिस ने लूट का आरोपी गिरप्तार कर लूटा हुआ मसरूका 2 हजार रूपए व कट्टा कारतूस जप्त कर कारबाही की

केशब पंडित जी अम्बाह

पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी,तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधियों को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान परिमाल सिंह मेहरा, एसडीओपी अम्बाह द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधियों को पकड़ने के संबंध में लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे थे, जिस पर से पोरसा टीआई रामपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित कर आज दिनांक 28/02/23 को परदूपुरा रैपुरा तिराहे के पास से आरोपी को गिरप्तार कर उसके मेमो मे बताये अनुसार आरोपी द्वारा लूट में प्रयोग किया गया कट्टा 315 बोर का व एक जिंदा कारतूस तथा 2000 रूपये नगदी पेश करने पर जप्त किया गया। दिनांक 12.01.23 को फरियादी निखिल गुप्ता की रिपोर्ट पर थाना हाजा पर अप0क0 19 / 23 धारा 394,506,34 ता0हि0 11/13 एमपीडीपीके एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया था विवेचना के दौरान आज दिनांक 28.02.23 को आरोपी को परदूपुरा रैपुरा तिराहे के पास से गिर कर लूट मे प्रयोग किया गया एक 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा कारतूस तथा लूटा हुआ मसरूका 2000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त सराहनीय कार्य में महत्वपूर्ण योगदान थाना पोरसा से थाना प्रभारी आरपीएस जादौन उप निरी0 एमएल मौर्य, उप निरी0 दुर्गेश सिंह भदौरिया, उप निरी0 शिवम सिंह चौहान, उप निरी0 रविप्रताप सिंह गुर्जर, सउनि केशव सिंह रमन, प्र0आर0 960 श्रीकांत शर्मा, आर0 330 गोविंद भदौरिया, आर0 404 नरेन्द्र सिंह, आर0 1312 शिवम सिंह यादव, आर0 1060 सतीश सिंह, आर0 1325 सुभाष गुर्जर, आर0 पुष्पेन्द्र तोमर, आर0 853 धीरज आर0 भूरी सिंह यादव चालक मनोज की अहम भूमिका रही।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य सरोज जोशी बनी दतिया जिले की प्रभारी

दतिया जिले के सभी मंडलों में महिला मोर्चा के संगठन को बदलेंगे चुनावी में शीघ्र होगा प्रवास सरोज जोशी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितनंद शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी सीमा सिंह की सहमति से मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने भिंड जिले की युवा नेत्री प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सरोज जोशी को दतिया जिले का प्रभारी नियुक्त किया है उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को गति प्रदान करने हेतु विश्वास दिलाया। उनके साथ सोमवती यादव को भी सहयोगी रूप में जिम्मेदारी मिली है हम दोनों बहने शीघ्र दतिया जिले के प्रवास पर रेखा महिला मोर्चा की बैठक में महिला पदाधिकारियों से आत्मक बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने भारत सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व में जो मुझ पर विश्वास व्यक्त किया है, मैं पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा पराकाष्ठा के साथ मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रबंधन को दतिया जिले के सभी मंडलों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं सभी

जनप्रतिनिधियों के साथ महिला मोर्चा की संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगी। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त दतिया जिले की प्रभारी श्रीमती जोशी ने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना को अंतिम छोर तक की मातृशक्ति तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी मंडलों में सर्व समाज की बहनों तक इस योजना को पहुंचा कर महिलाओं से फार्म बढ़ाने की योजना प्रारंभ की जाएगी 15 मार्च से और सीधे हजार रुपए की राशि उनके खातों में जा सके यह हमारी महिलाएं कैसी सरकार है और मोदी और शिवराज ने महिलाओं के लिए तमाम योजनाओं को संचालित किया है हर समाज की बहनों तक कि इन योजनाओं को पहुंचाने के लिए संगठन को मजबूत बनाकर बहनों को सक्रिय किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिले की प्रभारी सरोज जोशी ने कहा की महिला मोर्चा का संपूर्ण भारत में संगठन खड़ खड़ा करने में अपनी अहम भूमिका के साथ कैलाश वासी श्रीमंत राजमाता विजय राजे सिंधिया ने अपनी भूमिका निभाई थी और यह संगठन का वटवृक्ष को और अधिक ताकतवर बनाने के लिए हम समस्त महिला मोर्चा की कार्यकर्ता दतिया जिले में महिला मोर्चा के संगठन को विस्तार रूप देते हुए प्रत्येक बूथ के अंदर पर प्रदेश संगठन की रचना अनुसार काम करेंगे ताकि दतिया जिले के सभी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम फेर सके। भाजपा नवनियुक्त दतिया जिले की प्रभारी सरोज जोशी को बधाई देने वालों में मध्य प्रदेश सरकार में गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया, भांडेर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं निगम मंडल अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त घनश्याम पिरौलिया, पूर्व विधायक प्रदीप अग्रवाल, विधायक रक्षा संतराम, सिरोलिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षश्रीमती किरण गुप्ता आदि प्रमुख है।

पंजाब में चिंताजनक माहौल

पंजाब में जिस तरह से माहौल तनावपूर्ण हुआ है, वह गहरी चिंता और सजगता का विषय है। भीड़ ने सीधे पुलिस को निशाना बना दिया और दबाव इतना बढ़ा कि पुलिस भीड़ की मांग मानने के लिए मजबूर हो गई। कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह के करीबी सहयोगी लवप्रीत तूफान को पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को रिहा कर दिया। इतना ही नहीं, उसे रिहा करते हुए पुलिस ने यह भी कहा कि वह दोषी नहीं है। हालांकि, सबने देखा है कि यह रिहाई तब हुई, जब अमृतपाल के हजारों समर्थकों ने अमृतसर में एक पुलिस थाने पर हमला बोल दिया और सीधे कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की धमकी दे दी। ध्यान रहे, तूफान को अपहरण और मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था, अब पता नहीं, उसके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई हो पाएगी या नहीं। क्या पंजाब में कानून-व्यवस्था पर सवाल नहीं उठा है? क्या जिस तरह से संविधान की पालना होनी चाहिए थी, वह हुई है? यदि लवप्रीत तूफान दोषी नहीं है और उसे पुलिस ने गलत ढंग से गिरफ्तार किया था, तब भी यह पंजाब पुलिस के कामकाज पर गंभीर आक्षेप है।वैसे यह पहला मामला नहीं है, जब धर्म की आड़ में की गई मनमानी के सामने समर्पण किया गया है। चूंकि इस देश में ऐसे धार्मिक प्रदर्शनों को होने दिया जाता है, इसलिए ऐसे प्रदर्शन कानून-व्यवस्था को धता बताने के लिए यहां-वहां सामने आते रहते हैं। क्या अमेरिका, कनाडा या यूके जैसे किसी अन्य देश में पुलिस के खिलाफ ऐसे हिंसक प्रदर्शन को कोई भी सत्ता मंजूर कर लेती? भारतीय व्यवस्था की उदारता के साथ ऐसे खिलवाड़ के लिए बेशक इस देश की राजनीति ही दोषी है। धर्मध्वजा थामकर उदारता का कैसा मखौल 2021 में 26 जनवरी- गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में उड़ाया गया था, बहुतों को याद होगा। क्या ऐसे बेलगाम प्रदर्शनों को यह देश बर्दाश्त कर सकता है और इससे आखिर देश को क्या फायदा होता है? भारतीय लोकतंत्र के उदार साये में बनने वाले किसी भी संगठन को देश की एकता को सबसे ऊपर रखना चाहिए। ये भला कैसे संगठन हैं, जो कानून-सम्मत संघर्ष के बजाय हिंसा से न्याय छीनने या मनमानी करने को लालायित हैं? आज जिन देशों में सुरक्षित बैठकर कुछ लोग खालिस्तानी अलगाववाद को हवा दे रहे हैं, उन देशों के प्रति भारत को गंभीर हो जाना चाहिए। सिखी की जड़ें इस देश की गली-गली में पसरी हुई हैं, कोई उसे फिर सिर्फ भारतीय पंजाब की भौगोलिक सीमाओं में समेटकर कैसे देख सकता है? समग्र भारतीय मानस में पूरी सहजता के साथ विराज रहे सिख विचार, संस्कार व संस्कृति के अथाह विस्तार को संकीर्णता में समेटने की कोई भी गलती न केवल पंजाब, बल्कि भारत की संपूर्ण पहचान के लिए खतरा है। पंजाब में सबसे ज्यादा सावधान वहां की राजनीति को रहना चाहिए। सबको इतिहास उठाकर देख लेना चाहिए, जब आतंकवाद था, तब सबसे भारी कीमत राजनीति ने ही चुकाई थी। धर्म की आंच पर वोटों की रोटियां सेंकना सबसे आसान है, लेकिन ध्यान रहे, ऐसी आंच जब आग में बदलती है, तब बहुत कुछ खाक होने लगता है। सुरक्षा एजेंसियों को सावधान हो जाना चाहिए। कोई उग्र युवा नेता अगर यह कह रहा है कि पुलिस ने बात नहीं मानी, इसलिए हिंसा हुई, तो आगे क्या आशंकाएं हैं, अनुमान लगा लेने में ही लाभ है। इस देश में किसी भी आस्था आधारित संकीर्ण खेमे को इतना मजबूत नहीं बनने देना चाहिए कि वह अदालत लगाकर फैसले सुनाने लगे।

विज़न 2047 - आकांक्षा 47 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था

एशिया आर्थिक संवाद के सातवें संस्करण 23-25 फ़रवरी 2023 में दिखा भारत का दम

युवा आबादी की आकांक्षा, भारतीय अर्थव्यवस्था को 2047 तक 47 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायता करेगी

वैश्विक स्तरपर भारत का युवा जनसंख्यकिय लाभांश,सबसे बड़ी भारतीय परिसंपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज एशिया का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, क्योंकि एशिया में 4.7 अरब लोग रहते हैं और यह दुनिया की आबादी का 60 फ़ीसदी हिस्सा है। आईएमएफ के अनुसार, एशिया हाल के दिनों में तेज़ी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है। विश्व के प्रमुख उपभोक्ता भारत और चीन एशिया में हैं। इसलिए एशिया को शामिल किए बिना कोई भी देश अपना व्यापार बाजार नहीं बढ़ा सकता! आज एशिया वैश्विक बाजार का प्राथमिक फोकस बनते जा रहा है क्योंकि बहुत सस्ता श्रम और आसानी से जमीन की उपलब्धता एशिया को आकर्षक बनाती है। सीमाओं के पार विवाद रक्षा व्यापार के लिए फायदेमंद होते हैं। इस क्षेत्र में एक उष्णकटिबंधीय जलवायु है और यह संसाधनों में बहुत समृद्ध है। इसलिए कच्चे माल कीउपलब्धता आसान है। आज पूरे एशिया में भारत और विस्तारवादी देश दो प्रमुख हस्तियां हैं, परंतु आज वैश्विक स्तरपर भारत का रुतबा अपेक्षाकृत अधिक है, क्योंकि हम रूस और नाटो देशों दोनों के साथ पैरेलल चल रहे हैं। हमारी विदेश नीति कूटनीति की सकारात्मक चर्चा चर्चाएं दुनिया भर में होती है। चूंकि 23 से 25 फ़रवरी 2023 तक पुणे में भारतीय मेज़बानी से एशिया आर्थिक संवाद का सातवां संस्करण जोश के साथ केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के संबोधन से समापन हुआ जिसमें 12 देशों के 44 वक्ताओं ने भाग लिया जिसमें, सम्मेलन में 3 दिनों में 11 सत्र हुए। इन सत्रों में ग्लोबल ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स- लुकिंग फॉरवर्ड; सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला बनाना; एफटीए- द वे फॉरवर्ड एंड मेटावर्स- अंडरस्टैंडिंग द फ्यूचर। इमर्जिंग वर्ल्ड ऑर्डर में अग्रणी सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यवसाय% पर सत्र भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा क्यूरेट किया गया है। अर्थव्यवस्था में क्रांति लाना, भुगतान प्रणालियों को एकीकृत करना और मुद्राओं को डिजिटाइज़ करना% पर सत्र को द एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर द्वारा क्यूरेट किया गया हैजलवायु परिवर्तन के वैश्विक रूप से चुनौतीपूर्ण मुद्दे पर दो सत्रसमर्पित किए गए। इसमें %जलवायु परिवर्तन, एक वास्तविक खतरा% शामिल है। %जलवायु लक्ष्यों को पूरा करना, आगे की राह% पर 2070 में चर्चाएं हुई।

साथियों बात अगर हम पुणे में संपन्न एशिया आर्थिक संवाद (एईडी) की करें तो, उद्घाटन सत्र में विदेश मंत्री, भूटान के वित्त मंत्री तथा मालदीव के वित्त मंत्री नें बातचीत की। यह संवाद विदेश मंत्रालय का प्रमुख वार्षिक आयोजन है जिसे पुणे इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया। इसकी प्रमुख थीम एशिया और उभरती विश्व व्यवस्था थी। इसमें वैश्विक विकास की संभावनाओं जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इस संवाद में ब्राजील, अमरीका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, मालदीव, स्विटजरलैंट, सिंगापुर और मेक्सिको समेत अनेक देशों के 44 से अधिक वक्ताओं। अनेक प्रतिनधि एशिया आर्थिक संवाद की वेबसाइट और डिजिटल मंचों के माध्यम से परिचर्चा में सम्मिलित हुए। इस संवाद का मुख्य फोकस भू-अर्थशास्त्र पर था। एशिया की प्रमुख शक्तियाँ भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया हैं। वे निकट भविष्य में तेजी से बढ़ेंगे। यहां कोविड रिकवरी तेजी से हुई है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलीपींस, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और श्रीलंका को सहायता की आवश्यकता है। यह सम्मेलन एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसमें मंत्रियों, नीति निर्माताओं, उद्योग के नेताओं, डोमेन विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और वैश्विक व्यापार और वित्त विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय भागीदारी शामिल हुए।इस वर्ष भारत की त्न20 अध्यक्षता %भारत की अपनी त्न20 अध्यक्षता के लिए दृष्टि% और %हाउ द ग्लोबल साउथ विल शेप द त्न20 एजेंडा% पर दो महत्वपूर्ण सत्रों के साथ विचार-विमर्श का हिस्सा हुआ। साथियों बात अगर हम एईडी के 25 फ़रवरी 2023 को माननीय केंद्रीय वाणिज्य मंत्री द्वारा समापन समारोह की करें तो, उन्होंने कहा कि एशिया की अपनी विशेष गतिशीलता है, जहां हमारे पास ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं जो लोकतंत्र और गैर-पारदर्शी और गैर-नियम-आधारित दोनों हैं। उन्होंने कहा,पिछले एक दशक में,भारत अंतर्राष्ट्रीयकरण और प्रौद्योगिकी तथा काम करने के आधुनिक तरीके के साथ जुड़ना चाहता है। आज, भारत को 21वीं सदी के देश के रूप में नहीं भी तो स्पष्ट रूप से तो दशक के देश के रूप में पहचाना जाता है। हम पहले ही दसवीं सबसे बड़ी से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आ चुके हैं। आज हमारे पास एक युवा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जिसे हमारी सबसे बड़ी परिसंपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने उद्योग से पिछले कुछ वर्षों में किए गए सुधारों के बारे में, हमारे मजबूत बृहद आर्थिक बुनियादी कारकों पर, उनकी उपलब्धियों पर गर्व करने की अपील की और कहा, हम मानते हैं कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही करते रहेंगे। उन्होंने अपने विश्वास को साझा किया कि भारत चार साल या अधिक से अधिक पांच साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। जिस तरह से भारत आगे बढ़ रहा है, उसके बारे में मेरा खुद का विश्वास है कि हम 2047 तक अपनी अर्थव्यवस्था को शायद 35 - 40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के निकट ले जाएंगे। कोई भी भारतीय किसी से पीछे नहीं रहना चाहता। उद्योग से पिछले कुछ वर्षों में किए गए सुधारों के बारे में, हमारे मजबूत बृहद आर्थिक बुनियादी कारकों पर, उनकी उपलब्धियों पर गर्व करने की अपील की और कहा, हम मानते हैं कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही करते रहेंगे। श्री गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का विकासशील देशों की तुलना में विकसित देशों पर अधिक गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा और मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और विकास पर परिणामी प्रभाव के लिएविकसित और विकासशील दोनों देशों पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ा है,भारतीय उत्पादों पर और अधिक गर्व करने के लिए हमारे लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और भारत कानून के शासन, उनकी स्वतंत्रता के अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास करता है। एशिया में बहुत अलग आर्थिक दर्शनसह-अस्तित्व में हैं। हमें पर्याप्त प्रणाली और विनिर्माण प्रणाली बनाने में कुछ समय लगेगा, और चीन से आने वाली कम लागत वाली कम गुणवत्ता वाली वस्तुओं की अफीम से खुद को दूर करने के लिए अपने लोगों और व्यवसायों को भी संवेदनशील बनाना होगा। मुक्त व्यापार समझौतों की चर्चा करते हुए, उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि हमने विश्व के इतिहास में अब तक का सबसे तेज एफटीए किया है, भारत यूएई समझौता 88 दिनों में पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया के साथ एक तेज़ एफटीए भी पूरा किया। दुनिया भारत के साथ काम करने के प्रति यही उत्साह दिखा रही है। इजरायल, कनाडा, ईयू, यूके और जीसीसी के साथ हमारी बातचीत चल रही है। रूस और उसके ईएयू के सहयोगी देश भी भारत के साथ तेजी से बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका के साथ एफटीए पर एक प्रश्न पर,कहा कि अमेरिका में एफटीए की स्वीकृति के लिए अमेरिकी कांग्रेस से अनुमोदन की आवश्यकता है और अमेरिका में इस पर कोई द्विदलीय समर्थन नहीं है। उन्होंने कहा,इसलिए एक वैकल्पिक ढांचे के रूप में भारत प्रशांत आर्थिक संरचना की परिकल्पना की गई है। हम लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं, प्रौद्योगिकी साझेदारी और अप्रत्यक्ष उपायों के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्था को खोलने के मामले में अमेरिका के निकट जाने की सोच रहे हैं। अमेरिका के साथ हमारा लगातार संवाद होता है। होली के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव के साथ शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का एक विशाल व्यापार प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहा है। हम भारत-अमेरिका साझेदारी को सुदृढ़ बनाने के लिए अत्यधिक समय और पूंजी लगा रहे हैं। एमएसएमई को सहायता देने के प्रश्न पर, उन्होंने कहा कि बड़े व्यवसायों के आसपास पूरे इकोसिस्टम को देखते हुए निर्यात बढ़ाने के किसी भी प्रयास का एमएसएमई पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा ÷यद्यपि सरकार के पास व्यवसायों को किकस्टार्ट करने की योजनाएँ हैं, अंततः हमें उपभोक्ताओं और व्यवसायों के हितों के बीच संतुलन बनाना होगा। हम कृत्रिम रूप से किसी क्षेत्र को केवल एक बिंदु तक ही सहायता दे सकते हैं। एमएसएमई हमेशा वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहेंगे। इसलिए, एमएसएमई के साथ-साथ स्टार्टअप और महिला उद्यमियों को विभिन्न छूट प्रदान की जा रही है।आरसीईपी में शामिल नहीं होने पर कहा कि यह आपदा के समान था क्योंकि हम अपील की अदालत के बिना ऐसे मुक्त व्यापार समझौते में प्रवेश कर रहे थे, जहां कोई लोकतंत्र या कानून का शासन नहीं था। कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर, मुझे याद नहीं कि किसी ने आरसीईपी में शामिल होने के लिए कहा हो।उन्होंने कहा कि जीवन की अच्छी चीजों के लिए भारत में युवा आबादी की आकांक्षा भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगी और हमें 2047 तक 47 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सहायता करेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विज़न 2047 आकांक्षा 47 मिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था। एशिया आर्थिक संवाद के सातवें संस्करण23-25 फ़रवरी 2023 में दिखा भारत का दम। युवा आबादी की आकांक्षा भारतीय अर्थव्यवस्था को 2047 तक 47 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायता करेगी। वैश्विक स्तर पर भारत का युवा जनसंख्यकिया लाभांश सबसे बड़ी भारतीय परिसंपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है।

-संकलनकर्ता
लेखक - कर
विशेषज्ञ
स्तंभकार
एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

मेरा नाम हैं आजादः चंद्रशेखर

जाद एक ऐसा शब्द0 है जो महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के साथ जुड़ा है। इन्होंगने अपनी पूरी जिंदगी को आजाद रखने का वचन था और उसे आखिरी सांस तक निभाया भी। ऐसे आजादी के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी- पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का अवतरण 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। आजाद का बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में स्थित भाबरा गांव में बीता था। यहां पर आजाद ने भील बालकों के साथ खूब धनुष बाण चलाए थे। जिसके कारण उन्होंने निशानेबाजी बचपन में ही सीख ली थी।

स्तुत्य, जलियांवाला बाग कांड के समय चन्द्रशेखर बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् 1921 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे अपनी पढ़ाई छोड़कर सड़क पर उतर आए। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो आज़ाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। इस एसोसिएशन के साथ जुड़ने के बाद चंद्रशेखर ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया।



कालजयी, आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने मिलकर 17 दिसंबर, 1928 की शाम को लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को मार दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने उनका पीछा किया, तो चंद्रशेखर आजाद ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। इस हत्याकांड के बाद लाहौर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए, जिन पर लिखा था- लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया है। आजाद ने भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा था, लेकिन वहां से उन्हें कोरा जवाब मिल गया था। आज़ाद ने इन तीनों की सजा कम कराने का काफी प्रयास किया था। वे पण्डित नेहरू से भी आग्रह किए थे कि तीनों की फांसी को उम्रकैद में बदलवा दिया जाए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

मनमुग्ध, चंद्रशेखर को 'आजाद' नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, 'मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है'। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। अभिभूत आजाद का कहना था, देश की स्वतंत्रता के लिए विपत्तियों से युद्ध करना ही मेरा राष्ट्रधर्म है।

भारत के आर्थिक विकास में भारतीय नागरिकों का है भरपूर योगदान

प्रत्येक वर्ष भारतीय संसद में बजट प्रस्तुत किए जाने के एक दिन पूर्व देश का आर्थिक सर्वेक्षण माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। देश की आर्थिक स्थिति के सम्बंध में गहराई से अध्ययन करने के उपरांत यह आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश किया जाता है। दिनांक 31 जनवरी 2023 को भारत की वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा वर्ष 2022-23 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इस वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण में भारत की आर्थिक स्थिति के सम्बंध में कई ऐसी जानकारीयां उभरकर सामने आई हैं, जिनसे भारतीय नागरिकों को संतोष प्राप्त होगा।

कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर लगभग सभी देशों ने गम्भीर आर्थिक समस्याओं का सामना किया है। परंतु, यह सुखद तथ्य उभरकर सामने आया है कि भारतीय नागरिकों के सहयोग से भारत ने इन आर्थिक समस्याओं का सामना बहुत सहज तरीके से किया है जिससे इनमें से कई गम्भीर आर्थिक समस्याओं से भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत शीघ्रता से उबर सकी है। जबकि अन्य कई देश, विकसित देशों सहित, अभी भी इन समस्याओं से उबरने का गम्भीर प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

सबसे पहिले तो कोविड महामारी से संबंधित चुनौतियों के कारण वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था में गम्भीर रुकावटें आई। अभी यह रुकावटें दूर भी नहीं हुई थीं कि रूस-यूक्रेन युद्ध प्रारम्भ हो गया जिसका प्रतिकूल प्रभाव वैश्विक स्तर की आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ा। विशेष रूप से खाद्य पदार्थों (गेहूं, आदि), ईंधन तथा उर्वरक की आपूर्ति में अत्यधिक बाधा उत्पन्न हुई और इसके कारण कई देशों में महंगाई की दर इन देशों के पिछले 40 से 50 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसके उपरांत, महंगाई की दर को कम करने के लिए अमेरिका में फेडरल रिजर्व ने ब्याज की दरों में उच्च स्तरीय वृद्धि करते जाने के कारण अन्य कई देशों की केंद्रीय बैंकों के सामने अपने देश की मुद्रा के अवमूल्यन की समस्या खड़ी हो गई। अमेरिकी डॉलर अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में लगातार मजबूत होता चला गया जिसके परिणामस्वरूप इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आयात मुद्रा स्फीति की दर बढ़ती गई एवं इन देशों का व्यापार चालू खाता इस समस्या के चलते अपने आयात ही कम कर दिए। अन्य देशों की तुलना में भारत ने उक्त वर्णित सभी समस्याओं के प्रभाव को कम करने में बहुत तीव्र गति से सफलता पाई एवं भारतीय अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर लौट आई। आज भारत विश्व की लगभग समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पुनः सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करती हुई अर्थव्यवस्था बन गया है। बल्कि, वर्ष 2022-23 में ही सकल घरेलू उत्पाद के स्तर के अनुसार भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

भारत में एक विशेषता दिखाई दी है कि देश के नागरिकों ने देश की आर्थिक समस्याओं को हल करने में केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं आर्थिक क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों का भरपूर सहयोग किया है। क्योंकि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भारत के आर्थिक विकास का मुख्य आधार निजी खपत और छोटी छोटी बचतों के माध्यम से किया गया पूंजी निर्माण रहा है, जिसने रोजगार के सृजन में मदद की है। साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण भी हुआ है जिससे करों के संग्रहण में जबरदस्त सुधार दिखाई दिया है। कोविड के टीकाकरण में देश के नागरिकों को 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गई ताकि कोविड महामारी से बचाव हो सका एवं उपभोक्ता के मनोभाव को मजबूती मिली। यह सब भारतीय नागरिकों के सहयोग के बिना सम्भव नहीं था।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों (एमएसएमई) द्वारा ऋण के उपयोग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है, यह जनवरी-नवम्बर, 2022 के दौरान औसत आधार पर 30.6 प्रतिशत की गति से बढ़ा है और इसे केन्द्र सरकार की आपात ऋण से जुड़ी गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) का भरपूर समर्थन मिला है। इससे सिद्ध होता है कि एमएसएमई क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं एवं उनके द्वारा भुगतान की जाने वाली वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) की धनराशि में भी अत्यधिक वृद्धि परिलक्षित हुई है। कुल मिलाकर बैंक ऋण में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि लगातार बनी हुई है जो उधार लेने वालों के बदलते रुझानों को दर्शाता है एवं अर्थव्यवस्था में केंद्र सरकार के अलावा अब निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। जैसी कि भरपूर सम्भावना है कि भारत में मुद्रास्फीति की दर जगत द्वारा उत्पादित की जा रही वस्तुओं की वास्तविक लागत नहीं बढ़ेगी, अतः वित्त वर्ष 2024 में भी ऋणराशि में तेज वृद्धि के बने रहने की भरपूर सम्भावना है।

केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) भी वित्त वर्ष 2023 के पहले 8 महीनों में 63.4 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जो चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख घटक रहा है। वर्ष 2022 के जनवरी-मार्च तिमाही से निजी पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। वर्तमान रुझानों के अनुसार ऐसा आभास हो रहा है कि वित्तीय वर्ष 2023 के लिए निर्धारित पूंजीगत व्यय के बजट को हासिल कर लिया जाएगा। केंद्र सरकार एवं निजी क्षेत्र से पूंजीगत व्यय के बढ़ने से वित्तीय वर्ष 2023 में आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है और सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर की कल्पना की गई है। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे गोल्डमेन सेच्स, मूडी, फिच, एशियाई विकास बैंक आदि ने भी वित्तीय वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। एसएंडपी ने तो 7.3 प्रतिशत का अनुमान दिया है।

भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत सम्बंधी आह्वान को भी भारतीय नागरिकों द्वारा बहुत गम्भीरता से लिया गया है एवं चीन से आयात किए जा रहे ऐसे कई उत्पादों (खिलौने, फटाके, रंग, बिजली की झालरें, भगवान की मूर्तियां, आदि), जिनका भारत में ही आसानी से उत्पादन किया जा सकता है, का एक तरह से बहिष्कार ही किया है। केंद्र सरकार ने भी अपने नागरिकों का भरपूर ध्यान रखते हुए ऐसी कई योजनाएं लागू की हैं जिससे विशेष रूप से गरीब वर्ग के नागरिकों की रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बंधी जरूरतें पूरी हो सकें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार प्रदान किया जा रहा है इससे अप्रत्यक्ष तौर पर ग्रामीण परिवारों को अपनी आय के स्रोतों में बदलाव करने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री किसान योजना एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से देश के गरीब वर्ग के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और इन योजनाओं के भारतीय नागरिकों पर पड़ने वाले (यूएनडीपी) ने भी प्रशंसा की है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के परिणामों ने भी दिखाया है कि वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2020 के दौरान ग्रामीण कल्याण संकेतक बेहतर हुए हैं, जिनमें लिंग, प्रजनन दर, परिवार की सुविधाएं और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल हैं।

आर्थिक सर्वेक्षण में आगे आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के सम्बंध में आशावादी दृष्टिकोण बताया गया है जो कि कई विभिन्न सकारात्मक तथ्यों पर आधारित है। जैसे, निजी खपत में लगातार मजबूती आ रही है जिससे उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है; केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है; सार्वभौमिक टीकाकरण कवरेज का बहुत बड़े स्तर पर हो रहा है, जिससे संपर्क आधारित सेवाओं - रेस्टोरेंट, होटल, शोपिंगमॉल, सिनेमा, परिवहन, पर्यटन आदि जैसे क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है; शहरों में विभिन्न निर्माण स्थलों पर प्रवासी श्रमिकों के वापिस लौटने से भवन निर्माण सम्बंधित गतिविधियों में तेजी देखाई दे रही है; कॉरपोरेट जगत के लेखा विवरण पत्रों में मजबूती आई है क्योंकि इस बीच उनकी लाभप्रदता में भरपूर सुधार दिखाई दिया है; पूंजी युक्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऋण देने में वृद्धि के लिए तैयार हो गए हैं एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के ऋण में तो बढ़ोत्तरी दिखाई भी देने लगी है। साथ ही, आर्थिक विकास से सम्बंधित कई आर्थिक गतिविधियों को लोक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाने तथा केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक उपायों जैसे पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भी देश में आर्थिक गतिविधियों को बल मिलता दिखाई दे रहा है और इससे निर्माण उत्पादन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

कुल मिलाकर, अब भारतीय नागरिकों में देश की आर्थिक गतिविधियों को गति देने के प्रति चेतना जागृत हो रही है। इससे आगे आने वाले समय में भारत में आर्थिक विकास दर को और अधिक तेज करने में निश्चित ही मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के

दिव्यता

हे प्रभु करना मेरी वाणी शुद्ध,
चलते रहें प्राण बिना अवरुद्ध,
चक्षु से देखूं सदा शुभ दृश्य,
श्रोत्र से हो अच्छा सुनने का निश्चय,
नाभि में ऊर्जा होती रहे समाहित,
हृदय में होता रहे रक्त प्रवाहित,
मानव तन में दिखती रहे भव्यता,
प्रभु, तन मन में बनी रहे दिव्यता।

निकले कंठ से मधुर गान,
करके भला बढ़ बाजुओं का मान,
मस्तिक पर प्रभु की दिव्यता छा जाए,
सुपथ पर कदम बढ़ते चले जाएं,
ध्यान प्रभु के चरणों में लगा रहे,
मन मंदिर में ज्ञान की गंगा बहे,
न लगे कोई लांछन दिखे सभ्यता,
प्रभु, तन मन में बनी रहे दिव्यता।

दुख दर्द हरने की मिले शक्ति,
कष्ट सहन की बनी रहे भक्ति,
भले ही मुसीबतों आ जाए ढेर,
इनसे उबारने को न लगाना देर,
तेरे बिन एक पल न जी पाऊं,
दिव्यता से हर काम संभव कर पाऊं,
दिखे मेरे हर पल गुणों में नम्रता,
प्रभु, तन मन में बनी रहे दिव्यता।

डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

15 मार्च से लाडली बहना योजना महिलाएं फार्म भरकर योजना का लाभ प्राप्त करें : विधायक संजीव सिंह

विकास यात्रा में 298.49 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण, विकास यात्रा के बहाने जन-जन तक पहुंच रही शिवराज सरकार, जनता को गिनाई अपनी उपलब्धियां

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । विधानसभा भिण्ड में विकास यात्राएं अनवरत जारी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में यात्रा निकाली जा रही है। इन यात्राओं के दौरान जहां एक और हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों की सौगातें भी दी जा रही है। रविवार को भिण्ड विधानसभा में विकास यात्रा के दौरान 298.49 लाख के कार्यों का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। भिण्ड विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों जामपुरा, मानपुरा, बाराकला, ऊमरी ढोंचरा. खैरा में विकास यात्रा निकाली गई। विकास यात्रा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ देने के साथ ही लोकार्पण और भूमि पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विकास यात्रा के दौरान हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ हाथों-हाथ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री भिण्ड जनपद अध्यक्ष पति रामकृष्ण सिंह बघेल, सदस्य जिला पंचायत नीतूआढ़तिया, विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीक, सरपंच मानपुरा ओमवीर सिंह चौहान, सरपंच ऊमरी वीरेंद्र यादव (पुन), सरपंच जामपुरा उदयसिंह राजावत, सरपंच बबेडी नीतू सिंह राजावत, सरपंच बिजपुरी जलेब सिंह, पार्षद धल्लू सिंह तोमर, पार्षद दशरथ सिंह भदौरिया, पार्षद सौरभ सिंह, केदार सिंह बघेल बाराकला, भाजपा वरिष्ठ नेता पवन जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विकास यात्रा में कुल 12 कार्यो का लोकार्पण किया गया, जिसकी राशि 298. 49 लाख थी। इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यासः विकास यात्रा में विधायक संजीव सिंह ने मुख्यमंत्री जनसेवा योजना अन्तर्गत 300 हितग्राहियों को पात्रता प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया।ग्राम पंचायत जामपुरा में जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत नलजल योजना 31.49 लाख,सामुदायिक 15 लाख तथा एक हैण्डपंप सहित 47.49 लाख निर्माण कार्यों लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत मानपुरा में सीसी रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों सहित 11.68 लाख के कार्यों का भूमिपूजन

किया।ग्राम पंचायत बाराकला में सीसी रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों सहित 39.96 लाख के कार्यों का शिलान्यास किया।ग्राम पंचायत ऊमरी में सीसी रोड, हैण्डपंप तथा पांच स्थानों पर शांतिधाम निर्माण कार्य सहित 65.47 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत ढोंचरा में सीसी रोड, तालाब गहरीकरण तथा कटान दीवाल सहित 64.37 लाख के कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत खैरा - श्यामपुरा में आयुष अस्पताल, सीसी रोड, मेड बंधन सहित 69.52 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। विकास यात्रा के दौरान विधायक संजीव सिंह द्वारा हुई ये घोषणाएं विकास यात्रा के दिन विधायक संजीव सिंह ने इन ग्राम पंचायत में निम्न घोषणाएं की ग्राम पंचायत जामपुरा में रिर्टनिंग वॉल एवं एक हैण्डपंप ।

ग्राम पंचायत बाराकला में स्वागत द्वार, मुक्तिधाम की सड़क, 100 सीट का फर्नीचर एक ट्रांसफार्मर हैण्डपंप एवं शा हाईस्कूल से हायर सेकेण्डरी विद्यालय का उन्नयन। ग्राम पंचायत ढोंचरा में सामुदायिक भवन, खेल मैदान । ग्राम पंचायत ऊमरी में उमरेश्वर मंदिर के पास सौन्दर्यीकरण सार्वजनिक शौचालय गहियर बाबा पर प्रवेश द्वार गहियर बाबा के स्थान पर सामुदायिक भवन। ग्राम पंचायत खैरा-श्यामपुरा में एक ट्रांसफार्मर शाक्य बस्ती में एवं एक ट्रांसफार्मर श्यामपुरा में विकास कार्यों की घोषणा की है जिनका कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजना को संचालित किया है मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना जिसका लाभ महिलाओं को मिलेगा 15 मार्च से फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी ताकि उनके खातों में 1000 की राशि शीघ्र पहुंचाई जाएगी हमारी सरकार जनहित ऐसी सरकार है जिन्होंने सर्व समाज की महिलाओं के लिए अनेकों योजना का संचालित किया है आप सभी मातृशक्ति अपने अपने गांव में पोलिंग बूथों पर पहुंचकर फार्म भरकर योजना का लाभ प्राप्त करें विभागीय कर्मचारी एवं आर्य पार्टी के कार्यकर्ता हर बहन के घर तक फार्म भरने के लिए पहुंचेंगे।

शौचालय की राशि डालने के एवज में दो हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने पंचायत सचिव को पकड़ा

ग्राम पंचायत एंडोरी पंचायत सचिव सौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की राशि डालने के एवज में मांग रहा था दो हजार रुपए की रिश्वत, लोकायुक्त मैं की थी शिकायत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी के मामलों में गोहद में लोकायुक्त पुलिस के द्वारा कई आरोपियों को रंगे हाथों दबोच आ है रिश्वतखोरी पर लगाम लगना तो दूर अधिकारी कर्मचारी धड़ल्ले से खुलेआम रिश्वत ले रहे हैं। ऐसा ही मामला मंगलवार को गोहद जनपद पंचायत के एंडोरी पंचायत में मैं पदस्थ रसाल सिंह तोमर पुत्र सुमेर सिंह तोमर निवासी ग्राम बकनासा के द्वारा आवेदक वीर सिंह पुत्र रामप्रसाद के भाई जितेंद्र पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम आलोरी का पुरा ग्राम पंचायत एंडोरी तहसील गोहद जिला भिंड के द्वारा शौचालय निर्माण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसके सचिव के द्वारा पांच सौ लिए गए थे। जिसके पश्चात शौचालय की 12 हजार रुपए की राशि डालने के एवज में ग्राम पंचायत एंडोरी सचिव रसाल सिंह तोमर के द्वारा दो हजार की रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिसकी शिकायत आवेदक वीर सिंह के द्वारा लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर में की गई लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आवेदक को द्वितीय रिकॉर्डिंग करने के लिए

एक रिकॉर्डिंग डिवाइस दिया गया। आवेदक के द्वारा सचिव से शौचालय के 12 हजार रुपए बैंक खाते मैं डालने के लिए फिर से कहा गया तो सचिव ने दो हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। जो लोकायुक्त पुलिस के द्वारा दिए गए रिकॉर्डिंग डिवाइस में रिकॉर्ड हो गई। रिकॉर्डिंग डिवाइस के आधार पर मंगलवार को गोविंद ऑनलाइन की दुकान गोलंबर तिराहा सर्वोदय स्कूल के पास मौ रोड़ गोहद आवेदक वीर सिंह पुत्र रामप्रसाद से केमिकल लगे हुए पांच-पांच के 4 नोट कुल दो हजार रुपए की रिश्वत लेकर आरोपी सचिव रसाल सिंह तोमर ने जेब में रख ली। जेब में रखे गए रुपए को लोकायुक्त पुलिस ने जेब से निकलवा कर आरोपी के हाथ धुलवाए तो केमिकल के कलर से हाथ रंगीन हो गए। जिस पर लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी सचिव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर के डीएसपी प्रधुमन पाराशर, डीएसपी विनोद सिंह कुशवाह, स्पेक्टर भारत सिंह किरार, स्पेक्टर आराधना डेविस, हेमंत शर्मा, देवेंद्र पवैया, नेतराम राजोरिया, आरक्षक प्रमोद तोमर, आरक्षक सुरेंद्र, प्रशांत कुशवाह, सुनील राजपूत, आरिफ खान आदि सम्मिलित रहे।

परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने किया अवलोकन

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। बुधवार से शुरु हो रही बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों का मंगलवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। दबोह में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।इन दोनों केंद्रों पर मंगलवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह कुशवाह एवं ब्लॉक समन्वयक अधिकारी अतहर सिद्दीक़ी ने दबोह के परीक्षा केंद्रों शासकीय बालक उच्च मध्य विद्यालय केंद्र क्रमांक 131068 एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल केंद्र क्रमांक 131016 पर पहुंचकर परीक्षा पूर्व तैयारियों का निरीक्षण किया एवं केंद्रों पर जो भी कमियां पाई गई उन्हे दुरुस्त करने के लिए सेंटर प्रभारियों को निर्देशित किया गया।श्री जिलाधीश महोदय के निर्देशानुसार परीक्षा का संचालन करने के निर्देश दिए गए।

अ.भा.बलाई महासंघ में कनाडे को जिलाध्यक्ष बनाया

मुन्ना खान रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे की कलम से

खरगौन। देश के सबसे बड़े संगठन अ.भा. श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार की स्वीकृति, प्रदेशाध्यक्ष (महिला विंग) श्रीमती लता मालवीय की अनुशंसा से और समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से अखिल भारतीय बलाई महासंघ में राम कनाडे को जिलाध्यक्ष विद्यार्थी प्रमुख खरगोन के पद पर मनोनीत किया गया। कनाडेजी मूलतः सनावद के निकट बासवा के रहने वाले हैं। कमल गांगले जिलाध्यक्ष मानवाधिकार, मनोज कोचले अध्यक्ष बलाई समाज बरुड़, राम दवाने, जितेंद्र भालसे, सुनील गांगले, गणेश दवाने आदि साथियों ने कनाडे को शुभकामनाएं दीं।

मेडिकल कालेज की सौगात से भिण्ड बनेगा आत्मनिर्भर : सांसद श्रीमती संध्या राय

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद संध्या राय ने कहा है कि विधानसभा के सदन में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में मिण्ड जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की उल्लेख किया गया। मिण्ड जिले और इसके आसपास के क्षेत्र के लाखों नागरिकों के लिए मेडिकल कालेज के रूप में स्वास्थ्य की बहुत बड़ी सौगात मिली है । क्षेत्र में मेडिकल कालेज की

भिण्ड को मेडिकल कालेज की सौगात देने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री का आभार

स्थापना की लंबे समय से की जा रही मांग की पूर्ति हुई है। भिंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सहकारिता मंत्री सांसद राय ने क्षेत्र के लाखों नागरिकों की ओर से महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है । भाजपा सांसद श्रीमती राय ने कहा कि मैंने और मेरे सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने स्तर पर लोकसभा और विधानसभा सदन तक केंद्र और राज्य सरकार का मेडिकल कॉलेज के लिए ध्यान आकर्षित कराया था जनता की लंबे अरसे से मांग थी की भिंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए मैंने भी लोकसभा सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा विभागीय अधिकारियों को संज्ञान में लाती रही आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी विकास यात्रा के माध्यम से भिंड में मेडिकल कॉलेज के लिए घोषणा की थी हमारी सरकार विकास विदिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

वीर भूमि है भिंड की अब मेडिकल के क्षेत्र में भिंड से निकलेंगे डॉक्टर बनकर छात्र-छात्राएं करेंगी नाम रोशन देवेंद्र सिंह नरवरिया-भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण

में जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात से घोषणा हुई है आप बहुत जल्दी ही मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हो जाएगी । उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए हमारे सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने तरीके से इस बात को विधानसभा लोकसभा में रखते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित कर आते रहे यह सौगात विकास में आगे बढ़ेगी और छात्र छात्राओं को डॉक्टर बनने की उपाधि भिंड मेडिकल कॉलेज से प्राप्त होकर लोगों की सेवा करने का अवसर प्रदान होगा और हमारे जिले का गौरव भी डॉक्टर बनकर अपना नाम रोशन करेंगे।

मेडिकल कॉलेज की सौगात से जनता में बहुत बड़ा उत्साह संजीव सिंह संजू- विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहा कि मेडिकल कॉलेज विकास की दिशा शामिल है और जनता की है मांग प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूर्ण करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए मेडिकल के लिए यह बहुत बड़ी सौगात भिंड को मिली है इसके लिए मैं महामहिम राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

छात्र-छात्राओं में उत्साह की लहर अब उन्हें भिंड में ही मिलेगी संपूर्ण मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई बाहर नहीं जाना पड़ेगा

अरविंद भदौरिया-सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा है कि राज्यपाल जी के अभिभाषण में भिंड जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की उल्लेख किया गया। भिंड जिले और इसके आसपास के क्षेत्र के लाखों नागरिकों के लिए मेडिकल कालेज के रूप में स्वास्थ्य की बहुत बड़ी सौगात मिली है । क्षेत्र में मेडिकल कालेज की स्थापना की लंबे समय से की जा रही मांग की पूर्ति हुई है। भिंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने भिंड क्षेत्र के लाखों नागरिकों की ओर से राज्यपाल मंगूभाई पटेल और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है ।

मेडिकल कॉलेज की स्थापना से विकास कार्यों को मिलेगी गति ओ पी एस भदौरिया-मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की सौगात से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा से काम करने वाली सरकार अंतिम छोर तक के विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज की जिले में अपनी स्वीकृति प्रदान कर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का काम किया जिसके लिए मैं महामहिम राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मेडिकल कॉलेज में भिंड जिले के विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से एडमिशन मिलेगा और ताकि वे डॉक्टर बनकर अपना नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में मेडिकल कॉलेज की सौगात से जिले के विद्यार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है और वह पूर्ण रूप से गदगद है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास के क्रम में योजनाओं को संचालित कर रही है। मेडिकल कॉलेज के लिए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, पूर्व विधायकों में वरिष्ठ नेता रसाल सिंह नरेंद्र सिंह कुशवाह, मुन्ना सिंह भदौरिया, मथुरा प्रसाद महंत, श्रीराम जाटव ,राकेश शुक्ला, मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री शैलेंद्र बरुआ, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री राजकुमार सिंह कुशवाह, निगम अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री रणवीर जाटव, मोर्चा अध्यक्षों में विजय दैपुरिया किसान मोर्चा, आभा जैन महिला मोर्चा, विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट भाजयुमो, धर्मेंद्र सिंह गुर्जर पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अशफाक खान अल्पसंख्यक मोर्चा, पिंकी सागर अनुसूचित जाति मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया, प्रमुख शामिल है।

बिना अनुमति पेड़ कटवाने पर पूर्व पार्षद के खिलाफ कार्रवाई

ग्वालियर। वार्ड 23 स्थित कबीर पार्क में बिना अनुमति पेंड काटने की शिकायत को निगमायुक्त किशोर कन्याल ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराई और संबंधित पूर्व पार्षद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए। राजस्व अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह चैहान ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27 फरवरी 2023 को सूचना मिली कि कबीर पार्क वार्ड क्रमांक 23 स्थित सामुदायिक भवन के पार्क में लगे हुए पेड़ों को पूर्व पार्षद रामअवतार द्वारा अपना टेंट लगाने के उद्देश्य से पेड़ों को अवैध रूप से बिना अनुमति कटवाया गया। निगमायुक्त किशोर कन्याल द्वारा तत्काल शिकायत को संज्ञान में लेकर नगर निगम पार्क अधीक्षक मुकेश बंसल और राजस्व टीसी भारत सिंह को निर्देशित किया कि मौके की जांच कर संबंधित के विरुद्ध तत्काल एफ आई आर दर्ज करावें। राजस्व टीसी द्वारा ठाठीपुर थाने में जाकर राम अवतार के विरुद्ध एफआईआर करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एफ आई आर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

सफलता में सकारात्मक सोच की अहम् भूमिका

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। आज के प्रतिस्पर्धी एवं गुणवत्तायुक्त उत्पाद के युग मेंसफलता की सीढ़ी चढ़ना लोहे के चने चबाने के समान है, नित नये उत्पादों की बाढ़, शुक्ष्म से शुक्ष्म जानकारी की गूगल के जरिये उपलब्धता तथा गलाकाट प्रतिस्पर्धा के बीच बाजार में अपने उत्पाद के साथ टिके रहना ही एक संतोषजनक एहसास कराता है। परंतु वैश्विक बाजार की समझ, सरकारी लाभकारी नीतियों की जानकारी, व्यक्तिगत संपर्क, अच्छे मार्केटिंग कौशल जैसे अनेकों पहलुओं से आज भी अनेकों व्यवसायी सफलता की डगर पर बढ़ रहे है। उन व्यवसाइयो की सफलता में प्रत्येक कार्य में उनकी सकारात्मक सोच अहम भूमिका अदा करती है। यह बात जीतो बैंगलुरु नार्थ के जेबीएन टाइकूंस के सदस्यों की बैठक में निकलकर आयी। नवाकर स्मरण से प्रारंभ बैठक में अध्यक्ष पंकज जैन ने सभी का स्वागत किया तथा सदस्यों को गुणवत्ताभरे नये उत्पादों की ओर बढ़ने को प्रेरित किया। उपाध्यक्ष मदन जैन के अनुसार बैठक के दौरान 101 रेफरल का आदान-प्रदान हुआ, 3264280 मूल्य के धन्यवाद प्रस्ताव आये तथा 31 समझौतों हेतु आमने-सामने व्यक्तिगत बातचीत हुई। सचिव कुशाल सोलंकी ने बैठक की कार्यवाही को रखा। जीतो बैंगलुरु नार्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने बैठक में कहा कि जेबीएन में अनुभवी उद्यमियों के साथ युवाओं का जुड़ना इस बात का संकेत है कि आज का युवा आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाने को आतुर है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार जेबीएन सदस्यों की नियमित अंतराल में आयोजित होने वाली बैठके सदस्यों के व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करने के साथ व्यापारिक समृद्धि को गति प्रदान करने का कार्य कर रही है। महामंत्री सुधीर गादिया ने जेबीएन में व्यावसायिक महिलाओं की मजबूत भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया।

जीतो बैंगलुरु नार्थ के जेबीएन टाइकूंस की बैठक

तीसरे टेस्ट में बदलावों के साथ उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्मिथ करेंगे कप्तानी

मुम्बई।एजेंसी

भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 से पीछे चल रही मेहमान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम एक मार्च से भारत के खिलाफ होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैचों में तकरीबन तीन बदलावों के साथ उतरेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम अभी 2-0 से आगे हैं। ऐसे में मेहमान टीम के लिए यह मैच बेहद अहम है। इसमें हार का मतलब होग सीरीज गंवा देना। ऐसे में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस निजी कारणों से स्वदेश लौट गये हैं। टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर दूसरे टेस्ट में चोटिल हो गए थे। उनकी कोहनी में फ्रेक्चर है। इस कारण वह दूसरे टेस्ट में भी पहली पारी के बाद नहीं खेल पाये थे। ऐसे में ट्रेविस हेड पारी शुरु कर सकते हैं। हेड ने दूसरे टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाये थे। इसके अलावा टीम में ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की भी वापसी होगी।

तीसरा टेस्ट जीतते ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचेगी भारतीय टीम

मुम्बई।एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम इंदौर के होल्कर स्टेडिम में पहली मार्च से शुरु होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम सीरीज जीतने के साथ ही आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर है। इसके अलावा इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लेगी। भारतीय टीम ने तीन बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीत है और उसका लक्ष्य इसे अपने पास ही बकरार रखन रहेगा। भारतीय टीम के तीसरे टेस्ट जीतने की अधिक संभावन है क्योंकि होल्कर स्टेडियम में भारत का अब तक का रिकॉर्ड शानदार रहा है। भारतीय टीम यहां अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं हारी है। तीसरे टेस्ट को जीतते ही भारतीय टीम आधिकारिक तौर पर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष प पहुंच जाएगी। इस समय टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया नंबर एक स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 29 मैचों में 126 रेटिंग अंक हैं जबकि भारतीय टीम के 32 मैचों में 115 रेटिंग अंक हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे नंबर पर बनी हुई है।

हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर 1 मार्च से

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस. ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षा 2023 हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों के संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (क) के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा है कि कोई भी व्यक्ति या समूह (परीक्षार्थियों ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों को छो?कर) परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर परिधि के अन्दर प्रवेश नहीं करेगा न ही उक्त परिधि में एकत्रित होगा और न ही किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र धारदार हथियार जैसे तलवार, फरसा बल्लम, भाला, छुरी, कटार, गुप्ती एवं अन्य घातक पदार्थों को न तो साथ लेकर प्रवेश करेगा और न ही सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा और न ही उनका प्रयोग या प्रदर्शन करेगा। कोई व्यक्ति या समूह परीक्षा केन्द्र की ओर किसी भी दिशा से आने वाले आवागमन के मार्ग को किसी भी प्रकार तथा पानी भरकर, गढ्ढा करके या अन्य किसी भी तरीके से बाधा खड़ी करके अवरुद्ध नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र की 100 मी0 की परिधि में अनाधिकृत रूप से प्रवेश नहीं करेगा या प्रवेश का प्रयास नहीं करेगा या वाहन को खड़ा करेगा या परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में वाहनों का जमावड़ा नहीं करेगा कोई व्यक्ति या परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र की 100 मी0 परिधि में कोई प्रतिबंधित इलेक्ट्रोनिक उपकरण जैसे मोबाईल, ब्लूटूथ आदि लेकर प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र की 100 मी0 परिधि में अनाधिकृत रूप से नहीं घूमेगा न ही परीक्षा से संबंधित किसी सामग्री का वितरण या प्रचारित करेगा और न ही ऐसी गतिविधि से संलिप्त होगा जिससे परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के सुचारू संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े या परीक्षा की गोपनीयता किसी भी रूप से भंग हो। परीक्षा केन्द्रों के आसपास कोई भी व्यक्ति /समूह एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई आवंटित कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने या सामूहिक नकल कराने के उद्देश्य से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में परीक्षा संचालन की समयावधि के दौरान कोई भी दुकान जैसे चाय, पान की गुमटी, पीसीओ, फोटो कॉपी, कम्प्यूटर शराब या मोबाईल रिचार्ज की दुकान इत्यादि नहीं खुलेगी या उनमें उक्त अवधि में किसी भी रूप से कोई व्यक्ति व्यवसाय संचालित नहीं करेंगे। कोई भी व्यक्ति वा समूह परीक्षा केन्द्र की बाउन्ड्री या छत इत्यादि से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने का प्रयास नहीं करेगा और ना ही उक्त कार्य में सहयोग करेगा। कोई व्यक्ति प्रतिबन्धित क्षेत्र के अंदर नकल सामग्री जैसे गाइडें, पुस्तकें, नोट्स, छोटी बड़ी नकल की पर्चियां या गाईडें या किताबों के पन्ने या किसी भी उद्देश्य से लिखे बोर्ड या अन्य ऐसी सामग्री को लेकर प्रवेश नहीं करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा परीक्षा अधिनियम 1937 एवं अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश भिण्ड जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर 01 मार्च 2023 से प्रभावशील होकर परीक्षा समाप्ति होने तक प्रभावी रहेगा। जिला दण्डाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा है कि मेरे ध्यान में यह तथ्य लाए गए हैं कि विगत वर्षों से भिण्ड जिले में संगठित रूप से परीक्षाओं में नकल करवाने का इतिहास रहा है तथा विगत वर्षों में इस कलंक को दूर किए जाने के सार्थक एवं सफल प्रयास किये गये हैं। इन प्रयासों को असफल करने हेतु विभिन्न व्यक्तियों /समूहों द्वारा प्रयास किये जाने की प्रबल आशंका विद्यमान है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के निर्देशों से जिला भिण्ड के परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील भी घोषित किया गया है। अतः मैं ऐसी परिस्थितियों के निर्माणार्थ एवं उपचारार्थ 144 दण्ड प्रक्रिया सहिता 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग उचित समझता हूँ ताकि भिण्ड जिले के परीक्षा केन्द्रों में होने वाली हाई स्कूल व हायर सेकण्ड्री का सुचारू रूप से संचालन हो सके एवं नकल की प्रवृत्ति को प्रभावी रूप से रोका जा सके। मुझे इस तथ्य की आकस्मिकता की पूर्णरूपेण तुष्टि होती है कि उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। इस स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों एवं संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को तत्काल व्यक्तिश-सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (क) के प्रावधानों के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। यह प्रतिबन्धात्मक आदेश 01 मार्च 2023 से परीक्षा समाप्ति तक भिण्ड जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षा 2023 हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा परीक्षा अधिनियम 1937 एवं अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आप इसे अपनी बदकिस्मती कह सकती हैं लेकिन...

नई दिल्ली।एजेंसी

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक हार का सामना करना पड़ा था. महज 5 रन से मिली इस शिकस्त में हरमनप्रीत का रन आउट होना मैच का टर्निंग पॉइंट रहा था. वह अपनी गलती के कारण रन आउट हुई थीं. मैच के बाद हरमनप्रीत ने इसे अपनी बदकिस्मती बताया था हालांकि उन्हें रन आउट करने वाली ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलिसा हिली ने इस मामले में हरमनप्रीत की गलती बताई है.

एबीसी स्पोर्ट्स द्वारा ट्विटर पर शेयर किए गए एक वीडियो में एलिसा हिली कहते हुए नजर आ रही हैं, %यह बहुत अजीब था. मेरा मतलब है कि हरमनप्रीत को जो अच्छा लगे, वह वैसा कह सकती है कि वह बदकिस्मत थी लेकिन मुझे लगता है कि वह आखिरी में आसानी से क्रीज को पार कर सकती थीं. यह तब होता जब वह वास्तव में इसके लिए कोशिश करतीं.

यह सब कोशिशों और एनर्जी पर निर्भर करता है%

एलिसा ने कहा, %आप जिंदगीभर इस चीज़ के लिए खुद को बदकिस्मत कह सकते हैं लेकिन वास्तव में यह उस लम्हे में आपकी कोशिश और आपकी ऊर्जा पर निर्भर था. और मैं जानती हूं कि हम मैदान में अपनी कोशिशों और एनर्जी को लेकर काफी बातें करते हैं. यहां विकटों के बीच दौड़ भी महत्वपूर्ण थी. यह कुछ ऐसी सामान्य बातें हैं जो विपक्षी टीम से बेहतर होने पर आपको बड़े टूर्नामेंट जितवाती हैं और मुझे लगता है हमने इन चीज़ों को अच्छे से किया है.

हरमनप्रीत के रन आउट ने बदल दी थी मैच की दिशा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम जीत के बेहद करीब थी. भारतीय टीम को 32 गेंद पर महज 40 रन की दरकार थी और भारत के पास 6 विकेट बाकी थे. हरमनप्रीत यहां 34 गेंद पर 52 रन बनाकर रन आउट हो गईं. धीमी दौड़ और फिर क्रीज के अंदर बैट नहीं रख पाने के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा. इसके बाद भारतीय टीम ने बैक टू बैक विकेट खोए और मुकाबला 5 रन से हार गई.

बिजनेस कैफे

रिवर इलेक्ट्रिक ने नया स्कूटर किया लॉन्च

नई दिल्ली । देश में रिवर इलेक्ट्रिक कंपनी ने नया स्कूटर लॉन्च किया है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.25 लाख रुपये है। इस स्कूटर का डिजाइन बाजार में मौजूद सभी इलेक्ट्रिक स्कूटरों से अलग है। कंपनी ने बताया है कि स्कूटर के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। रिवर इंडी स्कूटर सेगमेंट धमाल मचाएगा और 2025 तक इसकी 1 लाख यूनिट बिक जाएंगी। दिलचस्प बात यह है कि स्कूटर की 770 मिमी सीट की ऊंचाई और 14 इंच के पहिए इसे यामाहा एरोक्स और अप्रिलिया एसआर160 की तरह बनाते हैं। इसमें 18 डिग्री की ग्रेडेबिलिटी मिलती है, जो ओला एस1 प्रो से ज्यादा है। इससे स्कूटर को 5 डिग्री के झुकाव के साथ चलाया जा सकता है। ईवी स्टार्टअप का दावा है कि रिवर इंडी में 12-लीटर ग्लव बॉक्स के साथ 43-लीटर अंडर-सीट बूट स्पेस है। इसमें दोनों तरफ पैनियर माउंट और बैग हुक भी हैं। स्कूटर में पार्क असिस्ट और डुअल यूएसबी पोर्ट जैसे फीचर्स भी हैं। रिवर इंडी इलेक्ट्रिक स्कूटर आईपी67-रेटेड 4 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक और 6.7 केडब्ल्यूएच इलेक्ट्रिक मोटर लगी है। बैटरी और मोटर 26 एनएम का टार्क जनरेट करती है। स्कूटर में बेल्ट ड्राइव के जरिए पिछले पहिए को पावर मिलती है। स्कूटर सिर्फ 3.9 सेकंड में 0-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है। इसके अलावा स्कूटर की टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटा है। स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 120 किमी तक चल सकता है। स्कूटर पर 5 साल या 50,000 किलोमीटर की वारंटी मिलती है।इसमें मांसल टायरों के साथ 14 इंच के ब्लैक एलॉय व्हील भी मिलते हैं।

कर्ज मुक्त कंपनी देने जा रही है 1200% का डिविडेंड, एक्सपर्ट बुलिश

तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन अच्छा रहा

नई दिल्ली।एजेंसी

शेयर बाजार जोखिमों से भरा है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स, निवेशकों को हमेशा सोच-समझकर किसी स्टॉक पर दांव लगाने की सलाह देते हैं। एक निवेशक से लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह सही स्टॉक की पहचान करके उस पर दांव लगाए। किसी अच्छे स्टॉक की पहचान कई पहलुओं को देखकर की जा सकती है। जिसमें एक तिमाही नतीजा भी शामिल है। स्काइफलर इंडिया एक लार्ज कैप कंपनी है। दिसंबर में समाप्त हुई तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसके अलावा कंपनी के बोर्ड ने 1200 प्रतिशत का डिविडेंड का फैसला किया है। बता दें, इस स्टॉक के प्रदर्शन पर नजर रखने वाले ब्रोकरेज हाउस ने 'बाय' टैग दिया है।

क्या कहते हैं कंपनी के बहिखाते?

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू साल दर साल के हिसाब से 17.80 प्रतिशत अधिक रहा है। दिसंबर तिमाही में स्काइफलर इंडिया का कुल रेवन्यू 1523.20 करोड़ रुपये था। वहीं, इस दौरान इस लार्ज कैप कंपनी के खर्च में भी 16.71 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। अक्टूबर से दिसंबर के दौरान कंपनी ने 1503.35 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। बता दें, टैक्स भुगतान के बाद कंपनी को 12.20 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है।

डिविडेंड के लिए कब है रिकॉर्ड डेट?

दिसंबर तिमाही के साथ कंपनी ने निवेशकों को 1200 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर कंपनी 24 रुपये का डिविडेंड देगी। स्काइफलर ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया है कि 11 अप्रैल 2022 को एक्स-डिविडेंड डेट है।

शेयर बाजार में कैसा है कंपनी का प्रदर्शन?

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 1.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2940 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। बीते 5 साल के दौरान कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 175.77 प्रतिशत की रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले 3 साल के दौरान कंपनी के शेयरों में 217 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। नया साल भी निवेशकों के लिए अबतक अच्छा रहा है। स्काईफलर इंडिया के शेयरों का भाव 2023 में 8.06 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, कंपनी का मार्केट कैप 45,856.37 करोड़ रुपये का है।

एक्सपर्ट कंपनी पर मेहरबान

तीसरी तिमाही के नतीजे देखने के बाद ब्रोकरेज फर्म शेरखान ने कहा, दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। कंपनी ने कैलेंडर ईयर 2022 से 2024 के लिए बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये कर दिया है। जोकि पहले 1000 से 1200 करोड़ रुपये ही था। हम स्टॉक पर अपनी बाय रेटिंग को बरकरार रखते हैं।

तेज गति वाली कार ने बनाया नया निकार्ड

भारत पहुंची दुनिया की सबसे तेज कार

नई दिल्ली। तेज गति कार पिनिनफेरिना बटिस्टा ने भारत की नैट्रैक्स परीक्षण सुविधा में गति के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। भारत पहुंचने वाली यह कार दुनिया की सबसे तेज स्पीड वाली कार है। टॉप स्पीड रिकॉर्ड को एफआईए से एफिलेटेड भारतीय खेल फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया ने वेरिफाई किया था। ऑल-इलेक्ट्रिक बटिस्टा ने 8.55 सेकंड में एक चौथाई मील यानी 400 मीटर की दौड़ और 13.38 सेकंड में आधा मील यानी 800 मीटर से ज्यादा की दौड़ पूरी की, जिसे वीबीओएक्स के साथ वेरिफाई किया गया।बटिस्टा 1400 केडब्ल्यू (1877बीएचपी) और 2340 एनएम टॉर्क का उत्पादन करता है, जिसमें चार मोटरों के जरिए इटली में ऑटोमोबिली पीनीनफारीना में ट्यून किए गए एक टॉर्क वेक्टरिंग सिस्टम के सभी 4 पहियों के व्हील्स की पावर जांची गई। ऑटोमोबिली पिनिनफेरिना के सीईओ पाओलो डेलाचा ने कहा- ÷हम बटिस्टा को पहली बार भारत लाकर बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त 90 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 90 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री जेपी सैयाम सहित अन्य अधिकारी एवं शहरी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

इसमें मिल रहा 7.1% ब्याज, यहां जानें इस स्कीम से जुड़ी खास बातें

टैक्स छूट और ज्यादा ब्याज के लिए पीपीएफ में निवेश

नई दिल्ली।एजेंसी

वित्त वर्ष 2022-23 के खत्म होने में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। ऐसे में इस वित्त वर्ष के लिए इनकम टैक्स छूट पाने के लिए आपको 31 मार्च तक कुछ खास स्कीम्स में निवेश करना होगा। ऐसे में अगर आप टैक्स बचाने के साथ अपने निवेश पर ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो आप पब्लिक प्रॉविडेंट फंड में निवेश कर सकते हैं।

इस पर मिलता है टैक्स छूट का लाभ

पीपीएफ ई ई ई की श्रेणी में आती है। यानी योजना में किए गए पूरे निवेश पर आपको टैक्स छूट का लाभ मिलता है। इसमें इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत सालाना 1.5 लाख रुपए तक के निवेश पर टैक्स छूट का लाभ लिया जा सकता है। वहीं इस योजना में निवेश से मिलने वाले ब्याज और मैच्योरिटी पर मिलने वाली राशि पर भी किसी तरह का टैक्स नहीं देना होता।

500 रुपए में खोल सकते हैं अकाउंट

पीपीएफ अकाउंट खोलने के लिए आवश्यक न्यूनतम राशि 500 रुपए है। किसी वित्त वर्ष में न्यूनतम 500 रुपए जमा करने की जरूरत है, जबकि अधिकतम निवेश सीमा 1.5 लाख रुपए सालाना तय की गई है।

मैच्योरिटी के बाद 5-5 साल के लिए मिलेगा एक्सटेंशन

पीपीएफ अकाउंट 15 साल में मैच्योर होता है, हालांकि अवधि को परिपक्वता के एक साल के भीतर 5-5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए मैच्योरिटी पूरा होने के एक साल पहले ही बढ़ाना होगा। यानी आप इस स्कीम में कुल 25 साल के लिए निवेश कर सकते हैं। आप 15, 20 या 25 साल बाद अपना पैसा निकाल सकते हैं।

5 साल का रहता है लॉक इन पीरियड

हालांकि पीपीएफ अकाउंट खोलने वाले साल के बाद 5 साल तक इस खाते से पैसा नहीं निकाला जा सकता। ये अवधि पूरा होने के बाद फॉर्म 2 भर कर पैसा निकाला जा सकेगा। हालांकि 15 साल साल पहले पैसा निकालने पर आपके फंड से 1त्न की कटौती की जाएगी।

पोस्ट ऑफिस या बैंक में खोल सकते हैं अकाउंट

एक पीपीएफ खाता किसी पोस्ट ऑफिस या बैंक में अपने नाम से और नाबालिग की तरफ से किसी और व्यक्ति द्वारा खोला जा सकता है। हालांकि, नियमों के अनुसार, एक हिंदू अविभाजित परिवार के नाम पर एक पीपीएफ अकाउंट खोला नहीं जा सकता है।

आसानी से तैयार होगा बड़ा फंड

इस स्कीम के जरिए अगर आप हर महीने 1 हजार रुपए निवेश करते हैं तो आपको 15 साल बाद 3 लाख 20 हजार रुपए मिलेंगे। वहीं अगर 2 हजार रुपए महीना निवेश करते हैं तो आपको 15 साल बाद 6 लाख 40 हजार रुपए मिलेंगे। यहां जानें इसमें निवेश करने पर आपको कितना फायदा होगा।

जल्दी खत्म नही होगा मोबाइल डाटा, अपनाने होंगे ये ट्रिक्स

टेक्नोलॉजी

स्मार्टफोन का मतलब है कि उसे यूज करने के लिए फोन में इंटरनेट होना। बता दें कि कुछ ही लोग है जो स्मार्टफोन में डाटा रिचार्ज करवाते हैं। आजकल वाईफाई इस्तेमाल ज्यादा किया जाता है। लेकिन बाहर आने जाने के लिए हमें डाटा रिचार्ज तो करवाना पड़ता है, लेकिन कई बार फोन यूज करते समय डाटा जल्दी खत्म हो जाता है। ऐसे में कई बार परेशानी होती है। आइए, जानते हैं डाटा को फोन में किस तरह करें सेव...

बता दें कि जो एप ज्यादा डाटा खाते हैं उनका कम से कम इस्तेमाल करें।

वहीं ज्यादा विज्ञापन दिखाने वाले एप से भी दूरी बनाएं। ये एप आपका बहुत डाटा निचोड़ लेते हैं।

डेली लिमिट की सीमा आप

अपने हिसाब से सेट करें। कई बार ऐसा होता है कि हम मोबाइल चलाने में इतना मगन हो जाते हैं कि हमें डाटा का ध्यान ही नहीं रहता और डाटा खत्म होने के चलते आपका जरूरी काम नहीं हो पाता। इससे बचने के लिए आप अपने फोन में डेली लिमिट सेट कर सकते हैं।

वहीं एप के ऑटो अपडेट फीचर के चलते भी आपका काफी डाटा खपत हो जाता है। इसे बंद करने के लिए आपको सेटिंग में जाकर चेंज करना होगा।

इसके साथ ही आप डाटा सेवर मोड ऑप्शन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

क्या ह्वॉट्सएप पर हो गए हो ब्लॉक?

सोशल मीडिया एप पर कई लोगों से हम कांटेक्ट में जुड़े होते है। उनमें आधे से ज्यादा हमारे दोस्त और रिश्तेदार होते हैं। आजकल ह्वॉट्सएप का इस्तेमाल सभी करते हैं। ऐसे में कई बार ऐसा भी होता है कि ह्वॉट्सएप पर हमें हमारे दोस्त और कभी रिश्तेदार किसी वजह से ब्लॉक कर देते हैं। उसके बाद हम उनसे जुड़ी कोई भी चीज को सीन नही कर पाते हैं। लेकिन अब ब्लॉक होने के बाद भी हम खुद को अनब्लॉक कर सकते हैं । आइए, आपको कुछ टिप्स बताते हैं जिससे खुद को ह्वॉट्सएप से अनब्लॉक करें...

पहले आप ह्वॉट्सएप खोलें और सेटिंग्स ऑप्शन में जाकर अकाउंट पर क्लिक करें।

यहां आपको डिलीट माय अकाउंट लिखा दिखाई देगा, आपको वहां क्लिक करना होगा।

यहां आपको देश के कोड के साथ अपना मोबाइल नंबर एंटर करना होगा।

इस स्टेप को पूरा करने के बाद आपको डिलीट माय अकाउंट पर क्लिक करना होगा।

उसके बाद ह्वॉट्सएप को फिर ओपन करें और अकाउंट को फिर बनाएं।

उसके बाद आप उस व्यक्ति से फिर बात कर सकेंगे, जिसने आपको ब्लॉक किया था।

आप ये तरीका भी अपना सकते हैं

आपको अपने एक दोस्त की मदद लेनी होगी। आपको अपने दोस्त को एक ग्रुप बनाने को कहना होगा। उसमें अगर वो आपको और ब्लॉक किए व्यक्ति को जोड़ता है, तो आप जो मैसेज करेंगे, वो उसको मिलते रहेंगे। ब्लॉक किए हुए व्यक्ति के पास आपकी बात पहुंच जाएगी। हो सकता है कि आपके मनाने के बाद वो आपको फिर अनब्लॉक कर दे।

गूगल से डाटा डिलीट करना बेहद जरूरी

आजकल साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सभी के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपना डाटा को सेव रखें। बहुत से लोग मोबाइल और लेपटॉप में गूगल ब्राउजर पर काम करते हैं और पर्सनल एकाउंट भी लॉगिन करते हैं लेकिन कई बार वे इन्हें डिलीट करना भूल जाते हैं ऐसे में उनके एकाउंट का मिस यूज हो जाता है। अगर आप भी इससे बचना चाहते हैं तो आपको अपना गूगल डाटा को डिलीट करना होगा।

ऐसे डिलीट करें डाटा

ब्राउजर में गूगल एकाउंट पेज पर जाएं। यहां अपना गूगल यूजरनेम @जी डॉट कॉम के साथ या इसके बिना टाइप करें। आपको मेन्यू बार दिखेगा, यहां आप पर्सनल इंफो सेलेक्ट करें। यहां आप अपनी फोटो, नेम, ईमेल एड्रेस, जेंडर, बर्थडे जैसी चीजों में बदलाव कर सकते हैं या डिलीट भी कर सकते हैं।

गूगल के पास आपका कितना डेटा मौजूद है। इसे आप ऑटोमैटिकली डिलीट भी कर सकते है। गूगल अकाउंट में साइन इन कर नेविगेशन से डाटा×अम्प; प्राईवेसी सेलेक्ट कर आप इसे डिलीट या इसमें बदलाव कर सकते हैं।

गूगल हिस्ट्री चेक करने के लिए आपको हिस्ट्री सेटिंग्स में वेब×अम्प; एप एक्टिवी सेलेक्ट करना होगा। यहां आपका लगभग सारा रिकॉर्ड होता है। यहां मैनेज एक्टिवी पर जाकर आप डेटा को डेट के हिसाब से देख कर उसे डिलीट कर सकते हैं।

आप यूट्यूब पर अपनी वॉच हिस्ट्री को भी डिलीट कर सकते हैं। वॉच हिस्ट्री डिलीट करने के लिए आप हिस्ट्री सेटिंग्स में यूट्यूब हिस्ट्री पर जाइये, यहां आप अपनी सारी वॉच हिस्ट्री डिलीट कर सकते हैं। यूट्यूब पर आप ऑटोमैटिकली डिलीट का भी ऑप्शन सेलेक्ट कर डेटा को गूगल के पास जाने से रोक सकते हैं।

टिप्स एंड ट्रिक्स आयेंगे काम

कई लोगों को रात में फोन चार्ज लगाकर सोना होता है। लेकिन ऐसा करना गलत होता है। आजकल स्मार्टफोन में बैटरी फुल होने पर चार्जिंग खुद बंद हो जाती है। ऐसे में कोई दिक्कत वाली बात नहीं है।

वहीं कई लोग फोन की पूरी बैटरी लो होने पर ही फोन को चार्ज करते हैं, जबकि ऐसा करना गलत है। दरअसल, फोन में दी गई लिथियम-आयन बैटरी को जीरो तक नहीं पहुंचने देना चाहिए। ऐसे में आपको फोन के डिस्चार्ज होने का इंतजार नही करना चाहिए।

फोन पर किसी भी एप का इस्तेमाल करने के बाद आपको उस एप को बंद कर देना चाहिए, क्योंकि ये एप बैकग्राउंड में चलते रहते हैं और फोन की बैटरी की खपत का कारण भी बनते हैं।

इसके अलावा कई लोग फोन को चार्ज करते समय भी फोन का इस्तेमाल करते रहते हैं, ऐसा करना भी गलत होता है। दरअसल, चार्जिंग के दौरान फोन की पावर अलग होती है। ऐसे में आपको इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और फोन को तेजी से चार्ज होने देना चाहिए।

आई फोन यूजर्स के लिए ह्वॉट्सएप पर आया नया फीचर

आई फोन आज के समय में सभी इस्तेमाल कर रहे हैं और आई फोन का क्रेज भी लोगों में बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आई फोन के लिए ऐप्स पर नये अपडेट आते रहते हैं। ऐसे ही ह्वॉट्सएप ने भी आई फोन यूजर्स के लिए एक नये फीचर को लॉन्च किया है। आइए, जानते है इस नये फीचर के बारे में....

आया फोकस मोड

आईओएस के लिए अपडेट किया गया ह्वॉट्सएप यूजर्स के लिए दूसरा बदलाव फोकस मोड के लिए सपोर्ट करता है। यह यूजर्स को सिलेक्टेड यूजर्स से संदेश प्राप्त करने पर विचार करने की अनुमति देगा, तब भी जब आप रेगुलर नोटिफिकेशन से परेशान नहीं होना चाहते।

लेटेस्ट अपडेट के माध्यम से आईओएस के लिए ह्वॉट्सएप ने नोटिफिकेशन में प्रोफाइल फोटो प्रदर्शित करना शुरू कर दिया है। यह ठीक उसी तरह है जैसे आप ट्विटर पर आपको सीधे संदेश भेजने वाले लोगों की प्रोफाइल फोटो देख रहे हैं। इसे इस महीने की शुरुआत में ह्वॉट्सएप बीटा ट्रैकर वाबेटाइंफो द्वारा भी देखा गया था। यह सुविधा आईओएस 15 और बाद के वर्जन्स के यूजर्स के लिए भी सीमित है।

उद्भव साहित्यिक मंच की आंचलिक काव्यगोष्ठी हुई सम्पन्न

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर। दीनदयाल नगर स्थित उद्भव के सचिव दीपक तोमर के निवास पर उद्भव साहित्यिक मंच की आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अशोक स्नेही मेंहगांव ,भिण्ड के द्वारा की गई। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय एवं सचिव दीपक तोमर मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना जगदीश गुप्त महामना ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक ÷स्नेही÷ का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर संस्था के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय एवं सचिव दीपक तोमर द्वारा किया गया। अशोक स्नेही ने अपनी व्यंग प्रस्तुति देते हुए कहा। **जब भिखारी बिरादरी से हो, तो युग युग जियो । और हाथ से विल्स फेंको और सिगार पियो।** कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार घनश्याम भारती ने सुंदर गीत प्रस्तुत करते हुए कहा, होली की फुहारों में बासंती बहारों में, आओ रंगे तन मन हम, आयो सतरंगी मौसम। इसी क्रम में वरिष्ठ नवगीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने गीत पढ़ते हुए कहा संबोधन की जगह किसी ने हरसिंगार लिखा, लगा कि जैसे अंतर्मन में पलता प्यार लिखा। वरिष्ठ गीतकार राजेश शर्मा ने सुंदर गीत की प्रस्तुति देते हुए कहा। जिस दिन रूप तुम्हारा

देखा था निखार होते-होते, और बच गए हम भी उस दिन निर्विकार होते होते। अगले क्रम में जगदीश महामना द्वारा अपनी सुंदर प्रस्तुति दी गई, उन्होंने कहा, रामराज स्थापना अब यही राष्ट्र आराधना। एक दूजे से विनय करें हम, करें यही बस प्रार्थना ।। बहुत सराहा गया। कार्यक्रम में रंग बदलते हुए होली पर सुंदर गीत प्रस्तुति दी डॉक्टर किंकर कर पाल सिंह जादौन ने ,उन्होंने कहा, खुल गए हैं आज सुधि के बंद दरवाजे, याद के उपहार लेकर आ गई होली। अगले क्रम में अनंग पाल सिंह भदौरिया अनंग ने गीत रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, सब कुछ है मेरे अंतर में, सारी दुनिया दुनिया वाला। इसमें भी मेरा मन भी है मन के अंदर मतवाला । कवि रामचरण रुचिर ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा, तरफ तो खाई है गहरी, दूजी और कुआं है। जीवन के पथरीले पथ पर चलना कठिन हुआ है। सुरेंद्र सिंह परिहार द्वारा भी अनोखी प्रस्तुति देते हुए कहा गया, रे मन तू क्यों नहीं मानत है, क्षण क्षण बेकार में ही भटकत क्यों नहीं सुधरत है। सफल संचालन कर रहे सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा, बीतते अब जा रहे हैं शीत के दिन, आ गए मधुमास के संग प्रीत के दिन । कार्यक्रम में ओमप्रकाश रिछरिया ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। काव्य गोष्ठी बहुत ही सराहनीय एवं अविस्मरणीय रही। कार्यकम में श्रोता के रूप में अरविंद जैमिनी ,राजेंद्र मुद्गल एवं सतीश श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। अंत में उद्भव साहित्यिक मंच के सचिव दीपक तोमर ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

सीएम हेल्पलाइन की समस्याएं लेवल 1 पर ही करें निराकृतः निगमायुक्त

ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण लेबल 1 पर ही करना सुनिश्चित करें तथा विकास यात्राओं के दौरान जो भी मांग के आवेदन आए हैं उनके विभाग वार पूरी डिटेल बनाकर अलग-अलग प्रस्ताव तैयार करें जिससे आवश्यक राशि की डिमांड शासन को भेजी जा सके। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन सहित निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 2401 शिकायतें इस माह की पेंडिंग हैं जिसमें 600 साफ सफाई की, 300 पेयजल, 432 सीवरेज, 600 विद्युत एवं अन्य विभागों की शिकायतें पेंडिंग हैं। जिनका निराकरण शीघ्र कराएं तथा यह प्रयास करें कि लेवल 1 पर ही शिकायत का निराकरण हो जाए7 निगमायुक्त कन्याल ने जनप्रतिनिधियों के पत्र, सीएम मोनिट, 15वें वित्त आयोग कमीशन एवं अमृत आदि की चर्चा कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त आर के श्रीवास्तव, मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, सुश्री मिनी अग्रवाल, एपीएस भदौरिया, कार्यपालन यंत्री जागेश श्रीवास्तव, संजय सिंह सोलंकी, देवीसिंह राठौर सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने स्कूल बसें की चेक, शमन शुल्क वसूला

ग्वालियर। कम्पू थाने के सामने, झाँसी रोड और गांधी रोड पर यातायात पुलिस ने आज स्कूली बसों का चैकिंग अभियान चलाया। 37 स्कूली वाहनों के मौके पर चालान कर बीस हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया और एक बस को कागजात ना होने के कारण थाने पर खड़ा किया।
अति पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन डी श्रीनिवास वर्मा एवं एसपी ग्वालियर अमित सांघी के निर्देशन और अति पुलिस अधीक्षक मोति उररहमान के मार्गदर्शन में कम्पू थाने के सामने, झाँसी रोड और गांधी रोड पर तीन टीमें बनाकर चेकिंग की गई। लगभग दो सौ स्कूली बसें चेक की। जिनमे कमी पाई गई उनके मौके पर चालान काटे गये और सभी स्कूल वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप सभी पूर्तियां करके ही स्कूली वाहनों का संचालन करना सुनिश्चित करें जिससे स्कूली बच्चों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें। चेकिन के समय डीएसपी ट्रैफिक नरेश अत्रोटिया, डीएसपी ट्रैफिक बैजनाथ प्रजापति, सूबेदार अभिषेक रघुवंशी, सूबेदार सोनम पाराशर, सूबेदार राधा बल्लभ गुर्जर आदि उपस्थित थे।

महापौर ने किया वार्ड 20 एवं 26 में सड़क निर्माण का निरीक्षण

ग्वालियर। महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार ने आज मुरार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा सडक निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर डॉ सिकरवार ने वार्ड 20 के अंतर्गत अशोक कॉलोनी, नई बस्ती, शर्मा कॉलोनी, गोकुल महाराज की टाल क्षेत्र में हो रहे सीसी रोड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया व क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण हेतु कुछ नवीन सीवर व सड़क निर्माण कार्य कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के नागरिक हरेंद्र वर्मा, सुखबीर तोमर, राजेश तोमर सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसके साथ ही महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने वार्ड 26 के अंतर्गत घासमंडी, मुरार में चल रहे विभिन्न स?कों के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया व स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना एवं निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, विनोद जैन, प्रेम गुप्ता सहित अनेक क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

सरकारी अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू

डिजिटल एक्स-रे के लिए पहले जाना पड़ता था भिंड ग्वालियर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। ब्लॉक मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी व फैक्चर टीबी मरीजों अन्य रोगियों को डिजिटल एक्स-रे जांच की सुविधा मिलना शुरू हुई। लगभग डेढ़ माह पहले गोहद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे की मशीन गोहद अस्पताल को मिली थी। 30 जनवरी को डिजिटल एक्स-रे मशीन को विशेषज्ञों के द्वारा स्टॉल किया गया। परंतु डिजिटल एक्स-रे मशीन से मरीजों के एक्स-रे करने के लिए एक्स-रे रूम को व्यवस्थित किया जा रहा था। जो रविवार तक कंप्लीट हो गया था। 28 फरवरी को डिजिटल एक्स-रे मशीन से एक्स-रे होना भी प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पहले पुरानी एक्स-रे मशीन से जांच की जा रही थी, जिससे माइनर फैक्चर नजर तक नहीं आते थे। अब नई डिजीटल एक्सरे से माइनर फ्रैक्चर भी दिख जाते है। रेडियोग्राफर रवि जोशी ने बताया कि नई डिजिटल एक्स-रे मशीन की जांच से टीबी मरीजों को बहुत सहूलियत मिलेगी। इससे टीबी को प्रारंभिक स्टेज में ही पहचानने में सहायता होगी और मरीज और रेडियोग्राफर का रेडियेशन डोज भी कम होगा। डिजिटल एक्स-रे जांच के अभाव में पहले भिंड ग्वालियर जाना पड़ता था- डिजीटल एक्स-रे जांच के अभाव में क्षेत्र के मरीजों को जिला मुख्यालय और ग्वालियर जाना पड़ता था ऐसे में कई बार समय से अस्पताल न पहुंचने पर दूसरे दिन आना पड़ता था। कई मरीजों को आपात स्थिति में निजी जांच केंद्र पर जाना पड़ता था। जहां पर अधिक पैसे चुकाना पड़ रहे थे। कई निर्धन मरीज अधिक परेशान हो जाते हैं। अब मरीजों की सीएचसी पर ही डिजिटल एक्स-रे जांच होगी जिला मुख्यालय या अन्य स्थान पर नहीं जाना होगा।

निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव, मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता, उपायुक्त मिनी अग्रवाल, डा प्रदीप श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह चैहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक महिला श्रीमती मधु बाई आई। उन्होंने बताया कि उनके पति नगर निगम में विनियमित कर्मी के रुप में सफाई कर्मी थे। उनका निधन 10 अक्टूबर 2021 को हो गया था जिसके बाद अभी तक कोई सहायता नहीं मिली। जिसको लेकर निगमायुक्त कन्याल ने सहायक नोडल जनकल्याण अधिकारी नीरज श्रीवास्तव को बुलाकर मौके पर ही निर्देश दिए कि इनकी जो मदद हम कर सकते हैं आज ही करें। जिसको लेकर नीरज द्वारा महिला से उनके पति के ईपीएफ के डाक्यूमेंट मंगाकर तत्काल उनकी पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी और उनका राशन प्रारंभ करा दिया। एक ही दिन में तत्काल कार्य होने पर महिला द्वारा निगमायुक्त एवं निगम अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित 45 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि हम सभी जनता की सेवा करने एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए ही बैठे हैं और सभी नागरिकों को उनकी समस्याओं का निराकरण दें। यदि किसी व्यक्ति की समस्या का निराकरण नहीं कर पा रहे तो स्पष्ट कारण अवश्य बताएं। जनसुनवाई के दौरान अनेक आवेदकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कराया गया।

पिरौनिया ने बाँस एवं शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभाला, एक मार्च को आयेंगे ग्वालियर

ग्वालियर। पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने मंगलवार को मध्यप्रदेश बाँस एवं शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र के मुख्य आतिथ्य में भोपाल स्थित बाँस शिल्प बोर्ड कार्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने पदभार संभाला। इस अवसर पर लोकेन्द्र पाराशर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बाँस एवं शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष पिरौनिया पदभार ग्रहण करने के बाद एक मार्च को पहली बार ग्वालियर आयेंगे। पिरौनिया अपरान्ह 3ः30 बजे पंजाबमेल से ग्वालियर पहुँचेंगे। ग्वालियर आगमन पर विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया जायेगा। पिरौनिया 2 व 3 मार्च को दतिया व भाण्डेर के प्रवास पर रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478